वर्ष- 21 अंक - 266 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

# कोमा में मोजतबा खामेनेई, पैर कटा

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर पर वेस्टर्न मीडिया का सनसनीखेज दावा



**शुक्रवार.एजेंसी।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को लेकर हैरान करने वाला दावा है कि मोजतबा खामेनेई कोमा में हैं। उनका एक पैर भी काट दिया गया है और उनकी हालत बेहद संजीदा है। उनका एक या दोनों पैर काट दिए गए हैं। उनका लिवर या पेट भी फट गया है। ये दावा ब्रिटिश अखबार 'द सन' ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में दावा किया कि मोजतबा खामेनेई तेहरान की सिना यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में इंटेसिव केयर में है। इस बिल्डिंग के एक हिस्से को भारी सिक्योरिटी के बीच सील कर दिया गया है।

## इराक में क्रैश हुआ अमेरिका का मिलिट्री प्लेन

**बगदाद.एजेंसी।** अमेरिकी सेना का एक रिफ्यूलिंग विमान इराक में क्रैश हो गया है। इस विमान में पांच क्रू मेंबर सवार थे। दावा किया जा रहा है कि इस विमान को मार गिराया गया।

## नौसेना से बात करो और जहाज ले जाओ

### *होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ईरान का बड़ा बयान*

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि अगर किसी को होर्मुज स्ट्रेट से जहाज लेकर जाना है तो ईरान के नौसेना से तालमेल बिठाना होगा। ईरान का यह संकेत साफ है कि वह इजरायल और अमेरिका सर्पोटिव जहाजों को छोड़कर बाकी देशों के जहाजों को 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से गुजरने की अनुमति दे सकता है, लेकिन हमला करने वाले देशों को अनुमति नहीं देगा।

## रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने दी सभी देशों को छूट

**वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ( वित्त मंत्रालय ) ने एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है।**

## युद्ध में अमेरिका के एक लाख करोड़ रुपए स्वाहा

**वॉशिंगटन.एजेंसी। ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। अब तक अमेरिका के एक लाख करोड़ स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिका के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप ने ईरान को वेनेजुएला समझ लिया जो पूरी तरह गलत था।**

## जंग के बीच गोलियों से दहला अमेरिका

### यहूदियों के प्रार्थना स्थल पर हमले से हड़कंप



**मिशिगन.एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन में यहूदी प्रार्थना स्थल (सिनेगॉग) पर हमले से हड़कंप मच गया। यहां हमलावर ने पहले सिनेगॉग से गाड़ी टकराई, फिर बाहर निकलकर फायरिंग कर दी। टकराने के बाद गाड़ी में आग लग गई। टक्कर के तुरंत बाद, गोलियों की आवाज सुनाई दी। सिक्योरिटी अधिकारियों ने बंदूकधारी को गोली मार दी। एरियल फुटेज में सिनेगॉग की छत से घना धुआं उठता दिखा।

## पाकिस्तान ने फिर किया अफगानिस्तान में हमला

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** रमजान के पवित्र महीने के आखिरी दिनों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगान संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए काबुल, कंधार, पक्तिया और पक्तिका समेत देश के कई हिस्सों में भीषण हवाई हमले किए हैं। हमले में कई घर तबाह हो गए और महिलाओं-बच्चों सहित अनेक लोगों की मौत हो गई।

## गैस लीक होने से 36 लोग बेहोश, पूरा गांव खाली

**आगरा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित गांव कुकथरी में एक कोल्ड स्टोरेज की पाइपलाइन फटने से अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस फैलने से कोल्ड स्टोरेज में काम करने वाले करीब 36 मजदूर बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। एहतियात के तौर पर पूरे गांव को खाली कराना पड़ा।

## मिलावटी दूध पीने से 13 मरे

**गोदावरी.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी ज़िले में कथित तौर पर मिलावटी दूध पीने से 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 11 लोगों को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

## कांग्रेस के सारे हिन्दू नेताओं को भाजपा का टिकट

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा ने कहा कि वे कांग्रेस के एक नेता को छोड़कर सभी नेताओं को भाजपा में लाएंगे और इनमें से 30 नेताओं को भाजपा का टिकट देंगे। उन्होंने एक नेता को पाकिस्तान का एजेंट बताया।

# कर्नाटक में फिर कुर्सी युद्ध

## 25 कांग्रेसी विधायकों ने की डिनर मीटिंग

**बेंगलुरु ● एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच जंग शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया विधानसभा में कैबिनेट मीटिंग कर रहे थे और उसी वक्त बेंगलुरु के एक प्राइवेट होटल में कांग्रेस के 25 विधायकों की डिनर मीटिंग चल रही थी। इससे इस बात की अटकलें फिर शुरू हो गई हैं कि मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच सबकुछ ठीक नहीं है।

एक दिन पहले ही कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग में 50 से ज्यादा विधायक शामिल नहीं हुए थे। अब सिद्धारमैया के डिनर में सिर्फ 20 विधायक ही आए।



## न्यूज़ ब्रीफ...

### शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी

**मुंबई.एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सेंसेक्स इंडेक्स 590.20 अंक या 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ ओपन हुआ। दिन की शुरुआत सेंसेक्स ने 75,444.22 के लेवल पर की है। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में भी गिरावट देखने को मिल रही है। निफ्टी 50176.65 अंक या 0.75 फीसदी फिसलकर 23,462.50 के लेवल पर ओपन हुआ था।

### एक घर से मिले 55 भरे गैस सिलेंडर

**हापुड़.एजेंसी।** गैस संकट के बीच उत्तरप्रदेश के हापुड़ में गैस की कालाबाजारी करने वाले एक नेता अब्दुल रेहान के घर छापा मारा गया, जहां 55 भरे हुए गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

### प्याज के बीच में अफीम बोने वाला किसान गिरफ्तार

**जयपुर.एजेंसी।** जयपुर के किशनपुरा गांव में पुलिस ने प्याज की फसल के बीच उगाई जा रही अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने खेत से 363 अफीम के पौधे बरामद कर उन्हें नष्ट कर दिया। इस मामले में खेत मालिक रामलाल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

### अयोध्या में गुड़ी पड़वा पर मनेगी दिवाली

**अयोध्या.एजेंसी।** हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के मौके पर अयोध्या में घर-घर दीपक जलाए जाएंगे, धर्मध्वज फहराया जाएगा और संतों के साथ रामकोट परिक्रमा होगी।

### संघ की बड़ी बैठक में चुनावी तैयारी

**पानीपत.एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक हरियाणा के पनीपत में आज से शुरू हो रही है, जिसमें यूजीसी से लेकर चुनावी राज्यों के एजेंडे पर चर्चा होने के साथ-साथ सामाजिक चुनौतियों और संगठन विस्तार की आगामी रूपरेखा पर गहन मंथन किया जाएगा।

# जीतू पटवारी भी है राज्यसभा सांसद के लिए दावेदार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर जिले के राऊ विधानसभा से विधायक के बाद मंत्री भी रहे जीतू पटवारी अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष है और वे रोजाना कांग्रेस आलाकमान राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के भी सम्पर्क में रहते हैं। जून में म.प्र. की तीन राज्यसभा की सीटों पर चुनाव होना है। इन चुनाव को लेकर दोनों ही दल भाजपा और कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि तीन में से दो सीट पर भाजपा और एक पर कांग्रेस का उम्मीदवार रहेगा, लेकिन कांग्रेस को डर है कि कहीं क्रॉस वोटिंग एक सीट के लिए ना हो जाए। पहले की इन दो सीटों पर भाजपा से डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी और जॉर्ज कुरियन सांसद हैं। वहीं एक सीट कांग्रेस के खाते की है, जिस पर फिलहाल दिग्विजय सिंह सांसद हैं। दिग्विजय सिंह पहले ही राज्यसभा जाने से इनकार कर चुके हैं, जिसके बाद कांग्रेस में इस सीट के लिए कई दावेदार सामने आ गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अभी ना राज्यसभा में हैं ना विधानसभा में हैं इसलिए उनकी दावेदारी सबसे मजबूत बताई जा रही है। वहीं कमलनाथ, अरुण यादव, मीनाक्षी नटराजन, कमलेश्वर पटेल भी दावेदार है। पहले कांग्रेस से सामान्य वर्ग से दिग्विजय सिंह सांसद रहे, अब दलित वर्ग के नेता भी उसी आधार पर अपनी दावेदारी राज्यसभा के लिए जता रहे हैं। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने भी आलाकमान को पत्र लिखकर दलित वर्ग को राज्यसभा से भेजने की गुहार की है। एक तरफ राज्यसभा का उम्मीदवार बनना और दूसरी तरफ कांग्रेस के सारे विधायकों को पक्ष में रोके रखना भी इस समय कांग्रेस के लिए एक चुनौती है। भाजपा कहीं विधायकों में तोड़फोड़ ना कर दें और कभी आधा दर्जन या अधिक विधायकों से क्रॉस वोटिंग भाजपा ने करा दी तो भी कांग्रेस के हाथ से यह सीट जा सकती है। सूत्रं तो यहां तक बता रहे हैं कि भाजपा अगली बार कुछ विधायकों को भाजपा से टिकिट देने या अन्य कोई प्रलोभन देकर साथ रखने की बात भी कर सकती है, ऐसा अंदेशा भी जताया जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव के समय भी प्रदेश कांग्रेस के कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग 2022 में की थी। उस समय भी डेढ़ दर्जन के करीब विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया था। इधर विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार का मानना है कि भाजपा तोड़फोड़ की राजनीति करती है, लेकिन कांग्रेस के विधायक मजबूत है और राज्यसभा सीट कांग्रेस की ही रहेगी। कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 58 वोटों की जरूरत होगी। इससे ज्यादा विधायक कांग्रेस के पास है, लेकिन क्रॉस वोटिंग अगर हुई तो दिक्कत हो सकती है और चुनाव का समीकरण भी बदल सकता है। जो भी हो अभी तो राज्यसभा चुनाव में तीन माह से अधिक का समय है, लेकिन गतिविधियां शुरू हो गई है। पहले तो दावेदार बनकर आलाकमान से टिकिट लाना और फिर विधायकों को संभाल कर रखना दोनों ही कांग्रेस के अन्दर सामान्य नहीं है। कई दावेदारों के बीच जीतू पटवारी की दावेदारी सबसे मजबूत बताई जा रही है।

## ब्लॉक स्तरीय समिति सम्मेलन में मौजूद रहे पटवारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने बताया कि संगठन की नीचे तक मजबूती के लिए लगातार ब्लॉक स्तरीय पंचायत-वार्ड समितियों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल महू और राऊ विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। चोरल, महू, मानपुर, भाटखेड़ी और राऊ ब्लॉक में हुए सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री दौलत पटेल एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहे। संगठन प्रतिबद्धता संकल्प भी दिलाया गया। बैठक के दौरान किसान, युवा और आम लोगों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए और यह भी कहा गया कि इन मुद्दों को लेकर कांग्रेसजन संघर्ष तेज करे। जीतू पटवारी ने कहा, कांग्रेस की ताकत सत्ता नहीं, बल्कि उसका समर्पित कार्यकर्ता है। जब कार्यकर्ता गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में सक्रिय होगा, तब जनता के मुद्दों की लड़ाई और मजबूती से लड़ी जाएगी। वहीं आज पालिया ब्लॉक में सम्मेलन शुरू हो चुका है। इसके बाद सांवेर, क्षिप्रा, खुड़ेल ब्लॉक के सम्मेलन आयोजित होना है, जिसमें भी जीतू पटवारी, विपिन वानखेड़े, दौलत पटेल पहुंचेंगे।





## एमआईसी सदस्य उदावत का स्वागत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पार्षद-एमआईसी सदस्य राजेश उदावत के साथ भाजपाई बड़ी संख्या में खजराना गणेश मंदिर पहुंचे और वहां बाबा की पूजा अर्चना की। इस दौरान वार्ड 49 के कई कार्यकर्ता और रहवासी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि उदावत के अवतरण दिवस पर यह पूजन आयोजन हुआ और उसके बाद उदावत का फूल मालाओं से स्वागत भी किया गया। शैलेन्द्र महाजन, पुष्पेन्द्र पाटीदार, राजीव जैन, मलखान कटारिया, दीपक राजोरिया, उमेश मंगरोला, सूरज जोशी, मनोज दलाल, जितेंद्र चौहान, धीरेंद्र सक्सेना, विश्वजीत मलिक, अभिषेक सोनी, पंकज चौहान, विकास यादव, पवन भार्गव, शीतल थोरात, कन्हैया जोशी, विजय वर्मा, दुर्गेश जलोदिया, जितेश जोशी, मुनेश सोनकर, संजय वर्मा, राजू डाबी, चंद्रशेखर वर्मा, सोनू कैथवास, मधुसूदन शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अस्थियां कल प्रयागराज के लिए निकलेंगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेसी कल भागीरथपुरा से पूजा मंत्रोच्चार के बाद भागीरथपुरा दूषित जल से हुई लोगों की मृत्यु के बाद उनकी बची हुई अस्थियां प्रयागराज गंगा में विसर्जित करने के लिए ले जाएंगे। कुछ कांग्रेसियों के साथ वे परिजन भी जाएंगे जिनके परिवार की अस्थियां रहेगी। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, दीपू यादव, संजय बाकलीवाल, देवेन्द्रसिंह यादव सहित अन्य भी अस्थियों को रवाना करने के दौरान मौजूद रहेंगे।

## नल में लगाना होगी टोटी अन्यथा होगी चालानी कार्रवाई

**जलप्रदाय के दौरान डायरेक्ट मोटर लगाने वालों की होगी मोटर जब्त**

### महापौर एवं आयुक्त ने की सुचारू जलप्रदाय कि समीक्षा बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को सुचारू एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा महापौर सभाकक्ष में जलप्रदाय कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक में जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक, जलप्रदाय कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। महापौर और आयुक्त ने गर्मी में जल वितरण लगातार करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधि और अधिकारी ने पेयजल टंकियों की स्थिति, ट्यूबवेल संचालन, जल वितरण व्यवस्था, पानी के टैंकरों की उपलब्धता तथा क्षेत्रों में अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भार्गव और सिंघल ने कहा कि प्रतिदिन प्रातः काल जलप्रदाय के दौरान नल कनेक्शन से डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी खींचने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए मोटर जब्ती की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां पर नल में टोटी नहीं होने से पानी का अपव्यय होता है इसको दृष्टिगत रखते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। ग्रीष्मकाल में जल की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में नगर निगम का दायित्व है कि नागरिकों को समय पर और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्र जहां जलप्रदाय में लीकेज, पाइपलाइन की खराबी, डायरेक्ट अथवा इनडायरेक्ट जलप्रदाय से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में निराकरण किया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



## राजेंद्र शुक्ला व्यापार विकास सलाहकार नियुक्त



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भारत सरकार के सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राजेन्द्र विष्णु प्रसाद शुक्ला को व्यापार विकास सलाहकार नियुक्त किया गया है। शुक्ला भाजपा में कई बड़े पदों पर पदस्थ रहे है। वे सांस्कृतिक सामाजिक और धार्मिक कार्यों में निरंतर रूप से सक्रिय रहते है। शुक्ला पूर्व से ही कई प्रकार के उद्यम से भी जुड़े है। अपनी इस नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद मानते हुए कहा की अल्प साधनों से चलने वाले लघु उद्योग, गृह उद्योग, कुटीर उद्योग के संचालन में आने वाली समस्याओ के निराकरण में वे यथा संभव प्रयास करेंगे। शुक्ला की नियुक्ति पर शहर के नेताओं कार्यकर्ताओं में हर्ष और खुशी है। अलग-अलग क्षेत्र से कई प्रतिनिधि मंडल सामाजिक और व्यापारी संगठन शुक्ला से भेंट कर बधाई दे रहे है।

## महापौर और आयुक्त कब हटवाएंगे बोरिंगों के कब्जे - कांग्रेस

**पानी के टैंकर पर भी नम्बर नहीं, ना ही जीपीएस सिस्टम, कैसे रूकेगी कालाबाजारी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू की मौजूदगी में कल आगामी गर्मी को लेकर बैठक का आयोजन किया और कई आवश्यकता दिशा निर्देश भी दिए, उसी के बाद प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने महापौर, निगम आयुक्त, जल प्रभारी से प्रश्न किया है कि उन्होंने इंदौर के सरकारी बोरिंगों पर हुए कब्जों को लेकर और नगर निगम पानी के टैंकर पर नम्बरिंग करने और उनं पर जीपीएस सिस्टम लगाने पर चर्चा क्यों नहीं की। क्या महापौर अपने भाजपाइयों को बोरिंग और टैंकर के माध्यम से प्रश्रय देना चाहते है। द्विवेदी ने कहा कि महापौर को देखना चाहिए कि हर झोन के मुताबिक कितने सरकारी बोरिंग है और उन पर कितने प्रभावी व भाजपाइयों का कब्जा है। महापौर और आयुक्त के अलावा जलप्रभारी इन कब्जों को कब हटवाएंगे। टैंकर के माध्यम से गर्मी में कालाबाजारी नहीं हो उसे रोकने के लिए टैंकरों पर कब नम्बर अंकित करवाएंगे और कब जीपीएस सिस्टम लगवाएंगे। द्विवेदी ने यह भी कहा कि न्यायालय के निर्देश के बाद भी निगम यह नहीं बता रहा है कि कितने जलाशय, कुएं, बावड़ी पुर्नजीवित किए गए, सुधारे गए।

# बिजासन माता के भक्त आरती के बाद बांधेंगे काली पट्टी

## *मेला भी पहुंचा अंतिम वर्ष में, शासकीय विभागों के कारण आ रही है परेशानी, जनप्रतिनिधियों से भी लगाई गुहार*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बिजासन सांस्कृतिक चेतना सेवा समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र पोद्दार ने बताया कि बिजासन माता की टेकरी पर नौ देवियां विराजित है और यह स्वयंभू स्थान है और इस क्षेत्र की 21 एकड़ जमीन में से केवल 2 एकड़ जमीन पर मंदिर का आधिपत्य है, बाकी पर बीएसएफ, वन विभाग, एयरपोर्ट और मेट्रो प्रोजेक्ट का आधिपत्य है। यहां कार्य करने में दिक्कत आती है। पोद्दार के मुताबिक इस वर्ष जमीन अधिग्रहण के चक्कर में यह मेले का अंतिम वर्ष रहेगा। इसी मामले में दो दिन बाद 15 मार्च रविवार सुबह 7 बजे से माँ बिजासन की आरती की जाएगी और 8 बजे काली पट्टी बांधकर अधिग्रहण का विरोध किया जाएगा और उसके बाद भंडारा भी होगा। उल्लेखनीय है कि दोनों नवरात्रि में लाखों की संख्या में माता भक्त यहां पहुंचते हैं। कई घरों की कुलदेवी भी इन नौ देवियों में से ही है और रोजाना भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। चैत्र नवरात्रि भी 19 मार्च से शुरू हो रही है और यहां इस नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस मामले में भूपेन्द्र पोद्दार ने इंदौर के जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में पहल करने की अपील की है कि वे माता की टेकरी को सुरक्षित कराए क्योंकि यह स्थान सामान्य नहीं है, विशेष आराधना का केन्द्र है।



## मुख्यमंत्री से दिल्ली में हुई मुलाकात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल्ली प्रवास के दौरान वहां इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री से भेंट की और इंदौर के विकास को लेकर अलग-अलग विषय पर चर्चा भी की गई।

## कांग्रेस के शहर-जिला संगठन महासचिव को कांग्रेस करेगी ट्रेंड

### *भोपाल के शिविर में इंदौर शहर और जिला से जाएंगे पदाधिकारी*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश भर के अपने जिला-शहर प्रभारी संगठन महासचिवों को और मजबूत करने के उद्देश्य से इन सभी के लिए 16 मार्च सुबह 11 बजे से कांग्रेस कार्यालय भोपाल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है। शिविर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मार्गदर्शन देंगे। प्रदेश के साथ इंदौर शहर-जिला के दोनों संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल और दौलत पटेल को भी अनिवार्य रूप से वहां पहुंचना होगा। यह पत्र संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामल ने जारी किया है।

## राष्ट्रीय कवि सम्मेलन कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। टोरी कॉर्नर, मल्हारगंज में कल 14 मार्च शनिवार को रात्रि 8 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन सार्वजनिक माँ पद्मावती टोरी कॉर्नर उत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। भाजपा नेता और संस्था के प्रिंसपाल टोंग्या, कांग्रेस नेता और कार्यक्रम संयोजक महेश गिरि, कमल रावका ने बताया कि इस कवि सम्मेलन को लेकर तैयारियां जारी है। समिति में पदाधिकारी और जिम्मेदारी भी सदस्यों को सौपी ही। प्रिंसपाल टोंग्या ने बताया कि वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन के मार्गदर्शन में यह कवि सम्मेलन होगा। हास्य, व्यंग्य एवं ओजपूर्ण कविताओं से श्रोताओं का मनोरंजन कवि डॉ. काव्या मिश्रा, कानू पण्डित, मोनिका देहलवी, सुहाना नाज, धीरज शर्मा, मोहन बिष्ट मुन्तजिर, सुल्तान जहा, देवेन्द्र प्रतापसिंह, करेंगे। बडी संख्या में कवि सम्मेलन के प्रेमी मौजूद रहेंगे।

# खुले स्थान पर टैक्स को लेकर भड़की कांग्रेस सोमवार को देगी ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

निगम में नेताप्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नगर निगम जनता को परेशान करने का काम कर रहा है। अपने हाथों से कंगाली की ओर बढ़ रहा निगम अब हर तरह से जनता की जैब काटना चाहता है। राज्य सरकार ने कानून में संशोधन कर खुली जगह के लिए नियम बनाकर कहा था कि निगम इसमें नियम बना सकती है। इन 5 से अधिक सालों में नगर निगम ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब नगर निगम में जमकर राजस्व बढ़ा और पीली गैंग की दादागिरी बढ़ी तो निगम ने एमओएस की खुली जगह पर भी टैक्स लगाकर लोगों को नोटिस देना शुरू कर दिए और लोगों के मकान को सील की धमकी देना भी नोटिस में शुरू कर दिया। चौकसे ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना केन्द्र सरकार ने बंद कर दी है, लेकिन रजिस्ट्रार ऑफिस में अभी भी दो प्रतिशत टैक्स रजिस्ट्री पर लिया जा रहा है और यह पैसे नगर निगम को दिया जा रहा है, जबकि स्मार्ट सिटी योजना ही बंद है। जब रहवासी नक्शा पास कर एमओएस के लिए खुली जगह छोड़ते हैं जहां से हवा मिले, प्लांटेशन हो, कार पार्किंग हो उस पर भी अब निगम की राजस्व उगाई पर डंडा चलने लगा है और आम जनता नगर निगम से त्राहि-त्राहिमाम हो चुकी है। चौकसे ने कहा कि अगर एमओएस छोड़ने के बाद भी जनता को खुली जगह का टैक्स देना पड़ेगा तो नक्शे के विरुद्ध रहवासी निर्माण करेंगे और लोगों की कार पार्किंग भी मकानों के बाहर आएगी, इससे यातायात व्यवस्था भी बिगड़ेगी। निगम अपनी आर्थिक कमजोरी को दबाने के लिए जनता पर खुली जगह का आर्थिक बोझ भी टैक्स के रूप में डाल रहा है, जिसका कांग्रेस विरोध करती है। कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल 16 मार्च को निगम कमिश्नर से मिलकर इस खुली जमीन पर टैक्स लेने का विरोध जताएगी। चौकसे ने कहा कि अगर निगम आयुक्त की ओर से इस खुली जमीन के टैक्स पर कोई निर्णय लेकर जवाब नहीं दिया तो कांग्रेस एक के बाद एक कई जन आन्दोलन करेगी और जनता को भी साथ जोड़ेगी। माँ अहिल्या और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी कांग्रेस माल्यार्पण कर निगम को सद्बुद्धि की गुहार लगाएगी। कांग्रेस का मुख्य मुद्दा यही है कि खुली जमीन पर टैक्स नहीं लिया जाए और स्मार्ट सिटी में 2 प्रतिशत टैक्स रजिस्ट्री में लग रहा है वह वापस लिया जाए और निगम की पीली गैंग की दादागिरी भी खत्म की जाए।

*कहा-आयुक्त ने सुनवाई कर निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस चलाएगी चरणबद्ध आन्दोलन, जनता को भी लेंगे साथ*

*स्मार्ट सिटी योजना बंद तो फिर रजिस्ट्रार में 2 प्रतिशत टैक्स लेकर निगम को क्यों किया जा रहा है पैमेंट*

## जिला भाजपा ने की कामकाजी बैठक



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला भाजपा अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में इंदौर ग्रामीण के सभी मंडल और बूथ स्तर तक आयोजित होने वाली प्रशिक्षण वर्गों की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक आयोजित की गई। संगठन प्रबंधन को लेकर विचार विमर्श किया गया, आगे भी कार्यकर्ताओं को सक्षम करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग किए जाएंगे।

## इंदौर-नागपुर ट्रेनों का स्टॉपेज का समय बढ़ाया जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने अंबेडकर नगरी (महू) से चलने वाली नागपुर ट्रेनों का इंदौर में मात्र 5 मिनट का स्टॉपेज (ठहराव)है जोकि काफी कम है। नागपुर की तरफ जाने वाली त्रिशताब्दी एक्सप्रेस एवं नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन इंदौर के मुख्य स्टेशन से चलती थी और इंदौर-नागपुर की प्रमुख ट्रेन है। रेलवे ने नागपुर ट्रेनों के ठहराव मात्र 5 मिनट का निर्धारित किया जो कि न्याय संगत नहीं है। मात्र 5 मिनट के समय में वृद्धजन,बच्चे एवं महिलाएं ट्रेन में सवार होने के लिए काफी जद्दोजहद कर प्रवेश करते हैं। वर्मा ने मुंबई जीएम,डीआरएम रतलाम एवं रेलवे के उच्चअधिकारियों से मांग की है की ट्रेन क्रमांक 12923 नागपुर एक्सप्रेस तथा 12913 त्रिशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों का इंदौर स्टेशन पर 10 मिनट का स्टॉपेज किए जाने की मांग सांसद शंकर लालवानी के माध्यम से की है।

# भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारी बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि मंडल प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा की तैयारी बैठक आयोजित की गई। मिश्रा ने संबोधन में कहा प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का महाअभियान है। वर्ग के अंतर्गत बूथ से लेकर जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होना है। यह भाजपा की परम्परा है, जब संगठन पर्व पूर्ण होता है, कई नए सामाजिक कार्यकर्ताओ को मंडल और बूथ में पदाधिकारी बनते हैं। बैठक के दौरान राकेश शर्मा, भूपेन्द्र केसरी, नितिन शर्मा, गुलशन यादव, वरुण पाल, रितेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, राजा कोठारी, दीपेश पचोरी, वासुदेव पाटीदार, गौतम शर्मा, कंचन गिदवानी, दीप्ति हाड़ा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, इन्दु श्रीवास्तव, नारायण पालीवाल, सचिन बंसल, विशाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# फुटपाथ से कब्जा हटवाया तो अध्यक्ष की दुकान पर पहुंच गए अतिक्रमणकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रिटेल गारमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन लगातार शहर के मध्य हृदय स्थल राजवाड़ा से लेकर अन्य व्यापारिक क्षेत्र में रोड और फुटपाथ पर कब्जाधारियों के खिलाफ मुहिम चलाए हुए हैं। विगत दिनों पुलिस ने सख्ती भी की थी और बीच में ढिलाई हुई तो फिर से मुद्दा उठा और दो दिनों से फिर फुटपाथ और



सड़क के अतिक्रमणकारियों को सही किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक कल अक्षय जैन की खजूरी बाजार यशोदा माता मंदिर रोड की दुकान पर विरोध करने दुकान और फुटपाथ के अतिक्रमणकारी पहुंच गए इस दौरान पुलिस को भी बुलाया गया और निगम की टीम भी पहुंच गई थी, काफी गहमा-गहमी के बाद मामला शांत हुआ।

## बस में महिला के साथ संदिग्ध हरकत, दो युवक हिरासत में

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रीजनल पार्क के पास देर रात राहगीरों की सतर्कता से एक बस में महिला के साथ अनहोनी की आशंका टल गई। इंदौर-खरगोन रूट की बस संदिग्ध हालत में खड़ी देख लोगों ने उसे घेरा तो अंदर एक महिला रोती हुई मिली। लोगों ने तुरंत बस चालक और क्लीनर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। राजेंद्र नगर पुलिस ने महिला को सुरक्षित निकाला। हालांकि, पूछताछ में महिला ने फिलहाल किसी भी गलत हरकत से इन्कार किया है, लेकिन पुलिस संदेह के आधार पर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र का होने के कारण जांच वहां ट्रांसफर की गई है।

# आज अलविदा जुमा

## चांद नहीं दिखा तो एक और अलविदा जुमा की रहेगी उम्मीद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रमजान का पवित्र माह चल रहा है। बोहरा समाज जहां अपनी ईद 19 मार्च को मनाएगा इसलिए उनका शुक्रवार आज अंतिम है, मुस्लिम समाज भी मानकर चल रहा है कि आज इस रमजान माह का आखिरी शुक्रवार है और आज अलविदा जुमा का आयोजन किया जा रहा है। आज दोपहर नमाज होगी, जिसे आज भी मौलानाओं ने अलविदा जुमा कहा है। जानकारों का कहना है कि अगले शुक्रवार को ईद होगी या अलविदा जुमा होगा यह सब कुछ चांद पर निर्भर होगा।

## श्मशानघाट के पास अवैध बनी 20 दुकानों को तोड़ने पहुंची निगम की टीम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छोटा बांगड़दा श्मशान घाट के पास नाले के किनारे पर मिट्टी भरी गई और जमीन प्लेन कर दी गई। उस पर मार्केट तैयार किया जा रहा है। इस पर 20 दुकानें बनाई जा रही है। इनमें से 4 कम्पलिट होकर दुकानें भी खुल गई। बाकी 16 दुकानें बनकर तैयार हो रही है। नगर निगम को सूचना मिली इसमें जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि 20 दुकानें नाले किनारे मिट्टी भरकर गलत बनाई गई है। इन सभी अवैध दुकानों को तोड़ने के लिए निगम की टीम छोटा बांगड़दा श्मशानघाट के नाले किनारे पहुंच गई है। आज तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।



## इंदौर के पांच पूर्व कलेक्टर एक साथ दिल्ली की बैठक में पहुंचे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अलग-अलग समय पर इंदौर के कलेक्टर रहे 5 अधिकारी आज एक साथ दिल्ली में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस मौके पर इन अधिकारियों के द्वारा ग्रुप फोटो भी उतरवाया गया। यह ग्रुप फोटो इंदौर के सोशल मीडिया पर खूब चल रहा है। इस फोटो में शामिल पी नरहरि अप्रैल 2015 से जून 2017 तक इंदौर के कलेक्टर रहे। इसके बाद में निशांत बरबडे जून 2017 से दिसंबर 2018 तक कलेक्टर रहे फिर लोकेश जाटव जनवरी 2019 से मार्च 2020 तक कलेक्टर रहे। इसके बाद मनीष सिंह मार्च 2020 से नवंबर 2022 तक इंदौर के कलेक्टर रहे। फिर इलैया राजा नवंबर 2022 से जनवरी 2024 तक इंदौर के कलेक्टर रहे। इंदौर के उक्त पांचो पूर्व कलेक्टर आज दिल्ली की बैठक में एक साथ सहभागिता कर रहे हैं।

# अंदर हो रही थी बैठक, बाहर हंगामा

### निगम के मुख्यालय में पहुंच गए थे कार्रवाई का विरोध करने वाले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम में कल एक तरफ जहां महापौर परिषद की बैठक सभागार के अंदर चल रही थी तो वहीं दूसरी तरफ सभागार के बाहर हंगामा चल रहा था। वहां पर निगम की कार्रवाई का विरोध करने वाले पहुंच गए थे। इन लोगों ने निगम के मुख्यालय में महापौर के कक्ष के बाहर जाकर हल्ला मचाया।**

नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक कल महापौर कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित की गई थी। इस बैठक में लंबे चौड़े एजेंडा पर विचार विमर्श किया जा रहा था। जब यह विचार चल रहा था उसी समय पर इस बैठक कक्ष के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस भीड़ के द्वारा एकत्रित होकर हल्ला मचाए जाने लगा। यह लोग महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिलने के लिए आए थे।

इन सभी को उम्मीद थी कि जैसे ही महापौर परिषद की बैठक खत्म होगी वैसे ही भार्गव उनसे मिलने के लिए बाहर आ जाएंगे। यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। मीटिंग खत्म होने के बाद पहले तो महापौर अपने साथी पार्षदों से चर्चा करते रहे और उसके बाद में मीडिया से चर्चा करने में लग गए। जब यह चर्चा का दौर पूरा हुआ तब तक गर्मी के मौसम में इंदौर में पानी के सप्लाई की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आयोजित की गई दूसरी बैठक के लिए अधिकारी पहुंच गए थे। तत्काल महापौर जाकर इस दूसरी बैठक में शामिल हो गए। सभागार के बाहर हल्ला मचाने वाले लोग हल्ला मचाते रहे और अपनी बात को उच्च स्थान तक पहुंचाने की कोशिश करते रहे। महापौर और निगम के अधिकारियों ने भी इन लोगों का खूब इम्तिहान लिया। जब तक दूसरी बैठक भी समाप्त नहीं हो गई तब तक महापौर इन लोगों से मिलने के लिए नहीं आएं। यह सभी लोग वे लोग थे जिन्हें की निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने एक दिन पहले ही चेतावनी दी थी। इन लोगों का कहना था कि सड़क पर बैठकर कारोबार करना इनका अधिकार है। यह लोग यातायात में कोई बाधा पैदा नहीं करते हैं लेकिन नगर निगम के द्वारा उनके कारोबार में विघ्न पैदा किया जा रहा है। इसके चलते हुए यह लोग परेशान है। बाद में जब इन लोगों की महापौर से चर्चा हुई तो उन्होंने अपने दर्द को उनके साथ रखा। महापौर ने भी उनकी बात सुनी और कहा कि सड़क पर कारोबार करने की किसी को अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह लोग समुचित तरीके से कारोबार कर सके इसकी व्यवस्था की जाएं।

# अब निगम की जोन समिति को देंगे 10 लाख का फंड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**शासन के निर्देश के कारण महापौर निधि समाप्त**

**इंदौर नगर निगम के द्वारा नए वित्त वर्ष के लिए तैयार किया जा रहे बजट में निगम की जोन समिति को 10 लाख रुपए का फंड दिया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य शासन के निर्देश के परिणाम स्वरूप इस बजट से महापौर निधि को समाप्त किया जा रहा है।**

महापौर परिषद की कल आयोजित की गई बैठक में नगर निगम के नए वित्त वर्ष का बजट पर प्रजेंटेशन दिया गया। इस बजट में क्या प्रावधान किस तरह से किया जा रहा है इस प्रेजेंटेशन पर महापौर परिषद के सदस्यों के द्वारा अपने विचार भी रखे गए। कुछ सदस्यों के द्वारा बजट में संशोधन के लिए सुझाव भी दिए गए। राज्य शासन के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार इस बजट में महापौर के लिए अलग से रखा जाने वाला फंड समाप्त किया गया है। पिछले साल इस फंड में 10 करोड रुपए की राशि का प्रावधान किया गया था। बैठक में यह चर्चा हुई है कि अब महापौर के द्वारा चाहे जाने पर कार्य के प्रस्ताव को महापौर परिषद के माध्यम से मंजूरी दी जाएगी। इस बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि नगर निगम की जोनल कार्यालय के स्तर की समिति के लिए 10 लाख रुपए का प्रावधान किया जाए। यह प्रावधान इस बजट में रखा गया है। याद रहे कि निगम के कमेटी के लिए अध्यक्ष का निर्वाचन पहले ही हो चुका है और उस जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड के पार्षद इस कमेटी के सदस्य हैं। इस कमेटी में महापौर की ओर से दो-दो सदस्यों की नियुक्ति अभी की जाना है।

कल की बैठक में महापौर परिषद के द्वारा नगर निगम के बजट को मंजूरी दे दी गई हैं। अब यह बजट नगर निगम परिषद की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। परिषद की यह बैठक कब होगी इसके लिए अभी कोई तिथि का निर्धारण नहीं किया गया है।

## 17 पदों की भर्ती पर अभिभाषकों और विधि स्नातकों में रोष

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि वर्तमान समय में मध्यप्रदेश के अभियोजन विभाग में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के पदों पर कम से कम 300 से अधिक व्यक्तियों की भर्ती किए जाने की तीव्र आवश्यकता है। इसके बावजूद मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के केवल 17 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर भर्ती के इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र बुलवाये गये है। इस 17 पदों की भर्ती के लिए जो फार्म बुलवाने का निर्णय लिया उससे अभिभाषकों और विधि स्नातकों में गहरा रोष है। कचोलिया ने कहा कि आवेदन फार्म बुलवाये जाने के निर्णय पर पुनर्विचार कर कम से कम तीन सौ पदों पर भर्ती करवाये जाने के लिए उचित कार्यवाही की जाए। विगत कई वर्षो से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे नवीन अभिभाषकों और विधि स्नातकों में निराशा व्याप्त है।मध्यप्रदेश में 55 जिले है और केवल 17 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगवायें जाने का निर्णय युक्तिसंगत नही है। जिला न्यायपालिका में पर्याप्त संख्या में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की तीव्र आवश्यकता है ताकि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द हो सके।मध्यप्रदेश में जितने भी न्यायालय है। उन सभी न्यायालयों की संख्या को ध्यान में रखते हुए एक न्यायाधीश महोदय के न्यायालय के लिए कम से कम एक सहायक जिला अभियोजन अधिकारी की नियुक्ति तो अवश्य की जानी चाहिए। इसलिए गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी के पदों पर नियुक्ति के लिए लिए जारी विज्ञापन /अधिसूचना में उचित संशोधन कर के केवल 17 सत्रह पदों पर भर्ती के लिए आवेदन फार्म मंगवाने की बजाय कम से कम 300 (तीन-सौ ) पदों पर भर्ती के आवेदन बुलवाये जाने के लिए उचित आदेश / निर्देश जारी करें।

## झलकारी देवी के बलिदान दिवस पर महिलाओं का होगा सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने बताया कि वीरांगना झलकारी देवी के बलिदान दिवस 5 अप्रैल को मनाते हुए समाजसेवा में सेवा देने वाली 5 महिलाओं को वीरांगना झलकारी अलंकरण से दशहरा मैदान झलकारी देवी चौराहा पर नवाजा जाएगा। इसके लिए 5 मातृशक्तियों के सम्मान के लिए प्रविष्टियां भी 25 मार्च तक ली जाएगी। कार्यक्रम के अतिथि वीरेन्द्र कश्यप, राव पुष्पेन्द्र सिंह के अलावा राजनेता भी मौजूद रहेंगे।

# विज्ञान एक्सपो का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



आईपीएस अकादमी के इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड रिसर्च द्वारा 'विज्ञान वैभव–अंतर महाविद्यालयीन विज्ञान एक्सपो का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों ने लाइव मॉडल के द्वारा वर्तमान समस्याओं का सकारात्मक हल बताया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में एआई आधारित रोबोटिक्स, फॉरेंसिक साइंस से जुड़े पोस्टर, ड्रोन मॉडल, मल्टीपल एआई फार्मिंग सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ग्रीन एनर्जी मॉडल, जल संरक्षण तथा अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यशील मॉडल विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। कई मॉडलों में सेंसर तकनीक और मशीन लर्निंग का प्रभावी उपयोग देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गुप्ता ने बताया कि मॉडल प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. प्रवीण दुबे ने किया। विजेता गिरिराज व्यास, उदय भास्कर मिश्रा एवं आद्या पटवा रहे।

# दाऊदी बोहरा समाजजन आज जुमातुल विदा की नमाज पढ़ेंगे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दाऊदी बोहरा समाज के जौहर मानपुरवाला, मजहर हुसैन सेठजीवाला, अली असगर भोपालवाला ने बताया आज शुक्रवार 25 वे रोजे के दिन पवित्र रमजान माह के आखिरी जुमा की नमाज जुमा तुल विदा अदा करेंगे। बोहरा समाज के पवित्र रमजान मिसरी कैलेंडर के हिसाब से 17 फरवरी से शुरू हुए थे जो पूरे 30 रोजे होने के पश्चात 19 मार्च को ईदुल फितर मनाएंगे। गुरुवार 19 मार्च को ईदुल फितर के दिन सुबह की नमाज में ईदुल फितर की विशेष नमाज अदा की जाएगी। सभी बोहरा मस्जिदों एवं मरकजों में बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की रजा मुबारक आमिल साहब द्वारा ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी।

# रिचार्ज समाप्त होने पर इनकमिंग काल बंद के खिलाफ शिकायत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अधिवक्ता डॉ. पंकज वाधवानी ने मोबाइल रिचार्ज समाप्त होने पर इनकमिंग कॉल बंद किए जाने के विरोध में टेलीकम्युनिकेशन कंपनियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ट्राई को शिकायती पत्र प्रेषित किए है।



# क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था श्री निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण बुराना खेड़ी ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। प्राचार्य अरुण मित्तल, संजय जोशी, प्रवेश वर्मा, प्रवेश शर्मा सुमन, रमेश महानंद, प्रीति माहेश्वरी, हरिओम दांगी मौजूद थे।

# 54 जैन महिला संघ ने की रथयात्रा को लेकर बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



जैन श्वेतांबर महासंघ न्यास द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव रथ यात्रा की तैयारी का आगाज महावीर बाग एरोड्रम रोड पर आयोजित महिला संघ की मीटिंग में इंदौर नगर के विभिन्न उपनगरों से 54 से अधिक महिला मंडल की पदाधिकारीयो ने शिरकत की। यह रथयात्रा 31 मार्च को निकाली जाना है। सुनीता छजलानी, मनोरमा खाब्या, किरण बाफना, डॉ. खुशबू मेहता, मनीषा गुगलिया, सुमि जैन, कोमल मुनत, मंजू पोरवाल ने अपनी भूमिका महिला मंडल की ओर से निभाई। महासंघ न्यास के सचिव सुधीर सेठिया, मनीष सुराणा, यशवंत जैन, मनीष चौपडा, सुजान चौपडा, ललित छलानी, रीतेश कटकानी, विजय ललवानी, मनोहर लोढ़ा, राजकुमार सुराणा ,सुनील सांड, जयेश पारलेचा, रूपेंद्र नारेलिया, कांति मेहता, प्रदीप छलानी, विजय भटेवरा आदि भी उपस्थित थे।



# नेत्र शिविर में 225 मरीजों को लाभ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटिजन,चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मे कम्पेल के नेत्र शिविर में 225 मरीजों ने लाभ लिया 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 130 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।




# भगवान के साथ चक्रवर्ती सम्राट के जन्मोत्सव पर आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म तप कल्याणक एवं चक्रवती सम्राट भरत स्वामी का जन्मोत्सव भी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समर्थ सिटी में मनाया गया। ओम पाटोदी ने उक्त जानकारी दी।

# गणगौर पूजन और बाना

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचदेव मंदिर एमआइजी कॉलोनी में मातृशक्तियों द्वारा पुजारी रमा दीदी के मार्गदर्शन में गणगौर माता का पूजन, भक्ति गीत, दोहा और नृत्य के आयोजन के अलावा बाना भी निकाला जा रहा है। आशु खंडेलवाल, रानू खंडेलवाल, सृष्टि खंडेलवाल, रितु अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, शीला त्रिवेदी, सीता साहू, पिंकी कुशवाह, प्रीति कुशवाह, संगीता माहेश्वरी, मंजू माहेश्वरी, कविता पाटिल, रत्ना जायसवाल, नीता हिंगे, जागृति पाटीदार गणगौर माता की अराधना में मौजूद रहे।



# डिजिटल लाइब्रेरी' का शुभारंभ




इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राजेन्द्र नगर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विजडम कंप्यूटर्स परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 'सोडेस डिजिटल लाइब्रेरी' का गरिमामय शुभारंभ किया गया। डॉ. ओमप्रकाश बरगले, यामिनी राजेश चौरे, हर्षवर्धन बरगले, उदय कोर्डे, भरत नागर राघवेन्द्र पटेल, पीयूष, अभिनव नीलम, पालीवाल, चेतना, खनक, हरेंद्र उपस्थित रहे।



# नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में कल से स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मधुमेह एवं मोटापे जैसे रोगों से मुक्ति एवं राहत दिलाने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 14 एवं 15 मार्च को चितावद, नवलखा स्थित आनंद नगर गार्डन पर सुबह 8 बजे से आयोजित होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मंगलमूर्ति नगर में क्षेत्र के रहवासियों की बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। किशोर गोयल, मृदुल अग्रवाल, शीतल तोडीवाला, अरविन्द वेल्युअर, शरद कदम, रीतेश मित्तल, मनोज गर्ग, संजय बंसल, अजय मंगल, राजेश सिंघल, सुनील बड़गोंदा, राजेन्द्र टीटू, महेश अग्रवाल, गोविन्द मित्तल मोरनी, राहुल गोयल बंटी, अशोक मित्तल, संजय गोयल एनबी, अरुण बागड़ी, संजय बद्रुका, नवीन बागड़ी, मनीष अग्रवाल, रीतेश गोयल बैठक में मौजूद थे। डॉ. विनिता कोठारी की टीम के 20 चिकित्सक 32 तरह की जांच निशुल्क करेंगे।

# अस्मिता योगासन सिटी लीग का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अस्मिता योगासन सिटी लीग का आयोजन क्रीड़ा भारती खेल परिसर, रामबाग में किया गया। डॉ. जयदीप आर्य, डॉ. सीमा अलावा, संगीता पंवार, हरीश डागुर मौजूद थे। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।







# मातृशक्तियों ने की परिवार खुशहाली के लिए दशामाता की आराधना






## पीपल के पेड़ पर पूजन कर बांधा धागा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सुबह से पीपल के पेड़ पर पूजा आराधना का दौर देखा जा रहा है। मातृशक्तियां आज दशामाता की पूजा आराधना करने भगवान विष्णु के वास वाले पीपल के पेड़ पर पहुंची और वहां परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए दशा माता का पूजन किया और भगवान श्रीहरि से भी खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। कच्चा दूध में सूत का धागा गीला कर पीपल पेड़ में पूजन करते हुए बांधा गया और इसी आधार पर परिवार की खुशहाली की कामना भी की गई। कई महिलाएं आज व्रत भी रखती है। सुहागिन महिलाएं परिवार में धन, धान्य और स्वास्थ्य को लेकर भी कामना कर रही है। शीतला सप्तमी के शीतला माता पूजन के बाद अब आज दशा माता का भी पूजन व्रत आराधना और मन्नत का काम भी किया जा रहा है। कच्चे सूत से बने 10 तार वाले डोरे को कच्चे दूध के बाद हल्दी से रंगकर पेड़ पर बांधकर यह आयोजन किया गया। कुछ महिलाओं ने अपने गले में भी यह कच्चे सूत का धागा धारण किया।

## सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर महोत्सव होगा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर महोत्सव रविवार 15 मार्च को दोपहर 12.15 बजे से स्कीम 71 रिंग रोड स्थित गार्डन पर मनाया जाएगा। मंडल की अध्यक्ष सरोज भण्डिया एवं मंत्री कृष्णा उपाध्याय ने बताया कि इस अवसर पर मंडल से जुडी बहनें माता गौरी, पार्वती, इसर और भगवान शिव को समर्पित भक्ति भाव से भरपूर प्रस्तुतियां देंगी और सौभाग्यवती सुहागन महिलाऐं अपने दाम्पत्य जीवन की सुख समृद्धि तथा कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने की कामना से यह व्रत करेंगी। सुनीता ओझा, उमा बोहरा, रत्ना पांडे, जया ओझा, चन्द्रकला ओझा, प्रतिभा ओझा, संगीता उपाध्याय एवं मीना तुगुनावत को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।



## कांच मंदिर में भगवान की आरती

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर के मध्य कांच मंदिर स्थित आदिनाथ भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के बाद आरती की गई और भगवान आदिनाथ की जयंती से लेकर भगवान महावीर जयंती तक के धार्मिक आयोजन की विधिवत शुरूआत भी की गई। विनय बाकलीवाल, संजय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, डीके जैन, जैनेश झांझरी सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने अब तक 3700 हेलमेट किए वितरित

***हमेशा हेलमेट धारण सहित यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित***

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में कल भी पुलिस ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा राजेश कुमार त्रिपाठी की मौजूदगी में हेलमेट वितरण आयोजित किया। 23 कार्यक्रम हेलमेट वितरण के आयोजित कर 3700 से ज्यादा हेलमेट जरूरतमंदों को प्रदाय किए है।



## आदिनाथ से महावीर यात्रा के शुभारंभ पर शोभायात्रा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगंबर जैन सामाजिक संसद, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन और महावीर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भगवान आदिनाथ से भगवान महावीर जयंती तक चलने वाली यात्रा और प्रभातफेरी का शुभारंभ गुरुवार को विजयनगर स्कीम नंबर 78 स्थित जिनालय से पूज्य सागर म.सा. के सानिध्य में हुआ। ध्वजारोहण भी किया गया। जितेन्द्र जैन, दिलीप पाटनी, राजेश जैन, संजय जैन, सुशील पंड्या, राकेश विनायक, मनोहर झांझरी, आदित्य कासलीवाल, संजय पापड़ीवाल, दिलीप पाटनी, कीर्ति पंड्या, संदीप जैन मोरया, प्रदीप चौधरी, डी.के. जैन, रितेश पाटनी, ऋषभ जैन, वितुल अजमेरा, होलास सोनी, विनोद जैन सुखलिया, आशीष जैन सूतवाले, मनीष बिंदु जैन, राजेंद्र सोनी, नरेंद्र जैन, सुनील जैन, केशव जैन, अनिल सलेया, सुधीर सिंघई, सुरेश जैन, केशव जैन मौजूद थे।

## विंध्यवासिनी मंदिर का स्थापना दिवस पर अनुष्ठान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** देवास नाका, निरंजनपुर रोड स्कीम 114 स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां जगवंती देवी धाम का स्थापना दिवस सोमवार 16 मार्च को मनाया जाएगा। मंदिर के प्रमुख पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि सोमवार को माँ विंध्यवासिनी देवी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में समूचे मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा की जाएगी, यज्ञ हवन भी होंगे तथा शाम 7 बजे से आम भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।

## जरूरत पड़े तो ही वाहन चलाए

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** दिगम्बर जैन समाज से जुडे सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश सेठी ने बताया कि इस समय तीन देशों के बीच चल रहे युद्ध में बार-बार गैस और पेट्रोल-डीजल की कमी का अंदेशा जताया जा रहा है, ऐसे समय में हमको राष्ट्र भक्ति का परिचय देकर नियम पालना चाहिए, खासतौर से हम बेवजह अपने वाहन नहीं चलाए, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, अगर कोई विद्यार्थी या जरूरतमंद गैस की दिक्कत के कारण भोजन का कष्ट उठाती है तो इन की मदद भी की जाए।

## भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव मनाया

**इौदर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजमोहल्ला स्थित दिगम्बर जैन महावीर मंदिर में भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव मनाया गया। 48 दीपकों से भक्तामर पाठ किया गया, जिसके बाद आरती की गई। भजन कीर्तन भी हुए। इस अवसर पर उषा अरुण बाकलीवाल, सुशील पाटनी, प्रदीप कोठारी, नीलेश सेठी, अजय पाटनी, ललित बाकलीवाल, कमला पाटनी, सुरेखा बड़जात्या, शोभा कोठारी, सुनीता सेठी, साधना सेठी मौजूद थे।



## वैष्णो देवी मंदिर पर होगा नवरात्रि में आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माता वैष्णो देवी मंदिर छत्रीबाग से जुड़े श्रद्धालु विजयकुमार देवड़ा ने बताया कि 19 मार्च गुड़ी पड़वा से 27 मार्च रामनवमी तक मंदिर में 9 दिनों तक चैत्र नवरात्रि में माता की आराधना का आयोजन होगा। रोजाना दुर्गा शप्तसति पाठ, कन्या भोज, संतों के प्रवचन का आयोजन भी किया जाएगा। रोजाना शाम को माँ वैष्णो देवी के विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे, महाआरती और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।



## दलित समाजजनों ने दी तरुण खटीक को श्रद्धांजलि

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिल्ली के उत्तम नगर ने तरुण खटीक की होली के दिन हत्या कर दी गई थी। जिसका विरोध देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी दिखाई दिया। इस घटना के विरोध में कल शाम राजवाड़ा स्थित माँ अहिल्या प्रतिमा पर बलाई महासंघ और सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में दलित नेता मनोज परमार ने तरुण खटीक के श्रद्धांजलि का आयोजन किया। कई दलित नेता और सर्व हिन्दू समाज के लोग भी मौजूद रहे।




## अबीर खान ने रखा रोजा इफ्तार आयोजन भी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अजहर खान के सुपुत्र अबीर खान ने कल रोजा रखा तो शाम को इबादत के बाद रोजा इफ्तार का आयोजन कम्युनिटी हाल माणिकबाग में रखा गया। निकट के लोग इस इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए। दादा इलियास पहलवान, रियाज पहलवान, युनूस खान, छब्बू भाई, सगीर खान, जुबैर खान, परवेज खान (भूरा), अड्डू भाई सहित अन्य मौजूद थे। दोस्त बिलाल खान, जारा खान ने बुके देकर हौसला अफजाई की।

## 40 महिला पत्रकारों का आज सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा महिला शक्ति महोत्सव के अन्तर्गत कलम की ताकत बनाने वाली 40 से अधिक महिला पत्रकारों को आज सम्मानित किया जा रहा है। यह आयोजन शुरू होकर दोपहर तक चलेगा।

# मांगलिया गांव में रेलवे रोड ओवरब्रिज निर्माण के काम में दिखने लगी तेजी

## एक हिस्से में पीडब्ल्यूडी और दूसरे में आईडीए बनाएगा ब्रिज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के मांगलिया गांव स्टेशन यार्ड के समीप समपार संख्या 45 के स्थान पर रेलवे द्वारा रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य तेजी के साथ शुरू करवा दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े रेलवे अफसरों के मुताबिक समपार संख्या 45 के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य रतलाम मंडल की गतिशक्ति यूनिट द्वारा लगातार दिन-रात तेजी के साथ करने के लिए शुरुआती काम के लिए खुदाई कर पिछले दो माह से भी ज्यादा समय से निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके तहत मांगलिया गांव रेलवे स्टेशन पर फाटक संख्या 45 पर बनने वाले रेल ओवर ब्रिज आरओबी का निर्माण कार्य दो हिस्सों में पूरा किया जाएगा जिसके तहत पहले चरण में निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग ने अपनी ओर से निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया था जिसके अंतर्गत अब तक यहां फाउंडेशन का कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है। वहीं खास बात यह है कि रेलवे रोड ओवरब्रिज के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों, कॉलोनियों तथा औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को इसके निर्माण से निश्चित रूप से सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

इधर, पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी



मुकेश कुमार के अनुसार मौसम प्रतिकूल होने एवं स्थानीय यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए कुछ अवधि के लिए कार्य प्रभावित हुआ था। वर्तमान में मौसम की स्थिति अनुकूल होने के पश्चात निर्माण कार्य दोबारा शुरू करवा दिया गया है। साथ ही कार्य निर्धारित तकनीकी प्रक्रियाओं के अनुरूप प्रगति पर है। यही नहीं रोड ओवरब्रिज का डिज़ाइन स्वीकृत कर संबंधित एजेंसी को पूर्व में ही उपलब्ध करा दिया गया था। वहीं अब होली त्यौहार के बाद में निर्माण कार्य अब और ज्यादा तेजी के साथ किया जा रहा है। निर्माणाधीन ब्रिज के सभी पाइल्स का चिपींग कार्य पूरा कर लिया गया है। वही अब ब्रिज निर्माण साइट पर निर्माण एजेंसी द्वारा स्टील कटिंग के साथ ही अन्य कार्य शुरू करने की तैयारी है।

**पहले चरण में पीडब्ल्यूडी कर रहा काम, फिर आईडीए करेगा शुरू–** बड़ी बात यह है कि मांगलिया रेलवे क्रासिंग पर गेट नंबर 45 पर बन रहें रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के तहत रेलवे प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य के दौरान सभी आवश्यक मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों का पूर्णतः पालन करवाया जा रहा है। इसके लिए रेलवे के वरिष्ठ अफसरों ने निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए है। वहीं इस ब्रिज के निर्माण से केलोद हाला ग्राम और फोनेक्स सिटी कालोनी सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी बड़ी कालोनी के हजारों रहवासी परिवार को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा। साथ ही अभी हर बार क्रासिंग से पहले गेट बंद होने से लगने वाले जाम और बार बार रुकने की परेशानी से भी मुक्ति मिल जाएगी। वहीं इसके बाद दूसरे चरण में आईडीए भी अपने हिस्से में रेलवे ओवर ब्रिज आरओबी का निर्माण कार्य जल्द शुरू करेगा।

बालाजी मंदिर के सामने

# जाम से मुक्ति के लिए निगम ने बनवा दी आधा दर्जन नई दुकानें

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नौलखा क्षेत्र में चिड़ियाघर के सामने स्थित बड़े बालाजी मंदिर के सामने दरगाह के पास खाली पड़ी जगह पर निगम द्वारा पिछले दिनों मंदिर के पास पूजन सामग्री की दुकान लगाने वाले व्यापारियों के



लिए यहां करीब आधा दर्जन पक्की दुकानें बना दी। जिसके तहत निगम की प्लानिंग के हिसाब से बाबा के जन्म महोत्सव 2 अप्रैल के पहले पूजन सामग्री की दुकान लगाने वालों को यहां तैयार नई दुकान हनुमान जन्म महोत्सव से पहले आवंटन करने की तैयारी है। जिसको लेकर यहां के व्यापारी परिवार को भी जल्द नई दुकान में शिफ्टिंग होने का इंतजार है। दूसरी तरफ जानकारों के मुताबिक आवंटन से पहले कुछ दुकानदारों को जानकारी लगी की एक व्यापारी परिवार को दो अलग अलग नाम से दो दुकानें दी जा रही है। जिसको लेकर अन्य व्यापारियों में नाराजगी है। यही नहीं फिलहाल व्यापारियों के आपसी विवाद के कारण मामला उलझन में पड़ता नजर आ रहा है।

दरसअल बताया जा रहा हैं कि यहां निगम द्वारा तैयार की गई आधा दर्जन दुकानों में से एक व्यापारी को दो दुकान देने से विवाद की स्थिति बन रही है। यही नहीं कार्नर की दुकान और पहले दुकान बीच की दुकान को लेकर भी व्यापारियों के आपसी विवाद की स्थिति बन रही है। हालांकि दुकाने बनकर तैयार हो गई है। अब गेंद निगम के पाले में है। अफसर समझदारी से दुकानदारों का आपसी विवाद सुलझा दे तो आने वाले हनुमान जन्म महोत्सव आयोजन के दौरान जहां एक तरफ दुकानदारों को नई दुकानों की सौगात मिलेगी वहीं भक्तों को जाम से राहत मिलेगी।

**हर मंगलवार और शनिवार को रहती है भक्तों की ज्यादा भीड़–** गौरतलब है कि बालाजी मंदिर पर हर मंगलवार और शनिवार को भक्तों की जबरदस्त भीड़ पड़ती है। ऐसे में मंदिर वाली पुलिया पर अक्सर जाम लगा रहता है। निगम द्वारा मंगलवार और खासकर त्यौहारों के समय यहां लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए पिछले दिनों यहां करीब आधा दर्जन नई दुकानें बनवाई गई थी ताकि रोड पर मंदिर के बाहर फूल और प्रसाद की दुकान लगाने वाले यहां शिफ्ट हो जाए और इनके कारण जाम की स्थिति न बने। वहीं आने वाले दिनों में अगले माह की शुरूआत में 2 अप्रैल को बजरंग बालाजी महाराज का जन्म उत्सव भी है। इस दौरान भी किसी प्रकार से भीड़ - भाड़ के कारण लोगों को परेशानी न हो। इसके लिए निगम प्रशासन ने पहले ही तैयारी शुरू कर दी। ताकि दुकानों और पार्किंग के कारण दर्शन करने आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न आए।

# एक करोड़ चालीस लाख की लागत से प्रमुख मोहल्ला-गालियों में मिलेगी नई सड़क की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत जोन 13 में वार्ड क्रमांक 78 के बिजलपुर ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय के बाद निगम द्वारा लगभग एक करोड़ चालीस लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर सालों बाद नई सीमेंटेड सड़कें बनाई जाएगी। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है जिसके तहत बीजलपुर ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से में करीब आधा दर्जन से ज्यादा एरिया जिनमें मुख्य रूप से पीपल चौक, शाहतूत चौक, पटवारी मोहल्ला, संत रविदास मोहल्ला, प्रजापत



मोहल्ला, इंदौरी मोहल्ला, नीम चौक सहित आधा दर्जन से ज्यादा जगह पर आने वाले दिनों में बेहद जल्द बारिश का सीजन शुरू होने से पहले लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की जगह नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्रीय वार्ड 78 के पार्षद व जोन अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य के अथक प्रयासों से चैत्र नवरात्रि के बाद बहुत जल्द यहां निगम द्वारा नई सड़क निर्माण के लिए खुदाई कर काम शुरू करने की तैयारी है।

पार्षद ओपी आर्य ने बताया निगम द्वारा करीब एक करोड़ 40 लाख 95 हजार से ज्यादा की लागत से क्षेत्र की 10 से ज्यादा गलियों और मोहल्ले में सालों बाद बरसों पुरानी क्षतिग्रस्त सड़कों की जगह नई सीमेंट सड़क निर्माण की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए पिछले दिनों लंबे समय से अटकी फाइल मंजूरी के बाद अब निगम द्वारा यहां के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि इसी माह के अंत तक निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम बारिश से पहले यहां सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को नई सीमेंट सड़क की सौगात देने की तैयारी कर रहा है। जिसको लेकर राऊ विधानसभा के इस प्रमुख वार्ड 78 में लंबे समय के बाद एक साथ ग्रामीण क्षेत्र के बड़े हिस्से में नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू होगा।

# लाला का बगीचा से कबूतर चौक और डोंगरे पॉइंट से हैंडपंप चौराहा तक बदलेंगी पुरानी लाइनें

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 45 के अंतर्गत लाला का बगीचा स्थित डोंगरे पॉइंट से कबूतर चौक तक सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा नई जल निकासी लाइन डालने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके तहत निगम अधिकारियों के मुताबिक यहां कबूतर चौक से लेकर हैंड पंप चौराहे तक आने वाले दिनों में सालों पुरानी लाइन बदलकर यहां लगभग 32 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर नई लाइन डालने की तैयारी है। यही नहीं निगम द्वारा यहां नई लाइन बिछाने के लिए बकायदा निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी परिवार लंबे समय से क्षेत्रिय



जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों से लंबे समय से मांग कर रहे थे। वहीं अब मंजूरी के बाद यहां आने वाले दिनों में जल्द काम शुरू करने की तैयारी है जिसको लेकर तमाम प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि इस माह के अंत तक जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम यहां सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई जल निकासी की लाइन डालने का काम शुरू करेगा। जिसके तहत पहले चरण में टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद बारिश से पहले यहां लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। जिसके अंतर्गत पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन बिछाने का काम होगा। जिस पर निगम लगभग 32 लाख से ज्यादा खर्च कर लाइन बदलने का काम करेगा। वही इससे क्षेत्र में बड़े हिस्से में लोगों को सालों पुरानी लाइन बदलने से बड़ी राहत मिलेगी।

# साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता होगी

**खरगोन(सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बोरावां में कक्षा 12वीं गणित की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए शनिवार 14 एवं रविवार 15 मार्च को जेईई के नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर से परिचित



कराना तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। संस्था द्वारा जारी सूचना एवं प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में कक्षा 12वीं गणित संकाय के सभी विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह परीक्षा पूरी तरह निःशुल्क आयोजित की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसमें भाग लेकर अपनी तैयारी का आकलन कर सकें। डीन डॉ. सुनील सुगंधी द्वारा जानकारी में बताया कि यह प्रतियोगिता परीक्षा ऑब्जेक्टिव (बहुविकल्पीय) प्रकार की होगी।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया का संकट: भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कितनी बड़ी चुनौती?

पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक तेल बाजार में हलचल है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए आपूर्ति निरंतरता, रणनीतिक भंडार और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ना अब अनिवार्य हो गया है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया के युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को एक बार फिर अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस की आपूर्ति से जुड़े समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने लगा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव तेज हो गया है। ऐसी स्थिति में भारत जैसे ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर देश के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है। भारत की आर्थिक गतिविधियां, उद्योग, परिवहन व्यवस्था और आम लोगों का दैनिक जीवन काफी हद तक पेट्रोलियम उत्पादों और गैस पर निर्भर करता है। इसलिए मध्य-पूर्व में किसी भी प्रकार का सैन्य संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सीधे प्रभावित करता है। इस परिस्थिति में भारत सरकार को न केवल ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करनी होगी, बल्कि अफवाहों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चितता पर भी नियंत्रण रखना होगा। मध्य-पूर्व लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आपूर्ति क्षेत्रों में शामिल रहा है। खाड़ी क्षेत्र से दुनिया के अनेक देशों को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले किसी भी संघर्ष का सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे अधिक चिंता समुद्री मार्गों को लेकर है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले अधिकांश तेल टैंकर महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों से होकर गुजरते हैं। अगर युद्ध के कारण इन मार्गों पर अवरोध उत्पन्न होता है, तो तेल की आपूर्ति में गंभीर बाधा आ सकती है। साथ ही जहाजों की सुरक्षा, बीमा लागत और परिवहन खर्च भी बढ़ जाता है, जिसका प्रभाव आखिर तेल की कीमतों पर दिखाई देता है। भारत की ऊर्जा संरचना को देखें, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था अभी भी बड़े पैमाने पर आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरत का लगभग अस्सी फीसद से अधिक आयात करता है। इनमें से एक बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व के देशों से आता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ते ही भारत में ऊर्जा बाजार को लेकर चिंता बढ़ जाती है। अगर युद्ध के कारण तेल की आपूर्ति बाधित होती है या कीमतों में तेज वृद्धि होती है तो इसका प्रभाव सीधे भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव होता है। परिवहन महंगा होने से वस्तुओं की ढुलाई की लागत बढ़ती है, जिससे बाजार में कई वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। कृषि क्षेत्र भी इससे प्रभावित होता है, क्योंकि खेती से जुड़े कई उपकरण और परिवहन व्यवस्थाएं पेट्रोलियम उत्पादों पर आधारित हैं। इसी तरह, उद्योगों में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे उत्पादों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ने की संभावना बनती है और आम लोगों की क्रय शक्ति पर असर पड़ता है। प्राकृतिक गैस की स्थिति भी भारत के लिए उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। देश के कई उर्वरक संयंत्र, बिजली उत्पादन इकाइयां और औद्योगिक इकाइयां गैस पर निर्भर हैं। भारत अपनी गैस जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है और इसका बड़ा भाग भी मध्य-पूर्व से आता है। अगर युद्ध के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उर्वरक और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। इससे कृषि और उद्योग, दोनों क्षेत्रों पर दबाव बढ़ सकता है। ऊर्जा संकट का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है। ऊर्जा संसाधनों की कमी या कीमतों में अत्यधिक वृद्धि से किसी भी देश की विकास गति प्रभावित हो सकती है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए ऊर्जा की निरंतर उपलब्धता बेहद जरूरी है। अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो इससे देश का आयात खर्च बढ़ने के साथ-साथ व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 159300 | 160100 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 264500 | 267700 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

## सांवेर पंप हत्याकांड

# आरोपी की हुई पहचान, पुलिस ने पिता को लिया हिरासत में

**इन्दौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम कजलाना में पेट्रोल पंप कर्मचारी रोहित परमार की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी की पहचान पुलिस ने कर ली है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से कई किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस की टीमें आरोपी के घर तक पहुँचने में सफल रहीं। पुलिस ने आरोपी के पिता को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपी अपनी कार सहित फरार है।

जांच में सामने आया कि घटना को अंजाम देने वाली ग्रे रंग की कार आर्यन पुत्र पुणेंद्र तंवर निवासी गौरीनगर, हीरानगर के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने जब शहर के एमआर-10 और आसपास के इलाकों के फुटेज खंगाले, तो कार की लोकेशन हीरानगर क्षेत्र में मिली। बताया जा रहा है कि आरोपी आर्यन ने यह कार कुछ दिन पहले ही खरीदी थी। घटना 11 मार्च की शाम करीब 4 बजे कजलाना स्थित 'शिवलाल पटेल एंड सन्स' पेट्रोल पंप की है। आरोपी आर्यन अपने दोस्तों के साथ कार में डीजल भरवाने पहुँचा था। डीजल डलवाने के बाद वह बिना पैसे दिए भागने लगा। जब कर्मचारी रोहित (22) ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसका हाथ कार के कांच में फंस गया।

इसके बावजूद बेरहम चालक ने कार नहीं रोकी और रोहित को तेज रफ्तार में काफी दूर तक घसीटता रहा। गंभीर चोटों के कारण रोहित की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी गुरुवार सुबह तक घर पर ही था, लेकिन जैसे ही उसे मीडिया के माध्यम से पता चला कि पुलिस उसकी पहचान कर चुकी है और तलाश में जुटी है, वह तुरंत कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने दबाव बनाने के लिए आरोपी के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की टीमें आरोपी और उसके साथ कार में मौजूद दोस्तों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## दुकान में लगी आग

**इंदौर।** आज सुबह राजवाड़ा स्थित गणेश कैप के सामने एक दुकान में उस समय आग लग गई जब ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका हुआ। जिससे वहां हड़कंप मच गया। ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान जलने लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकल पहुंची उसके पहले ही नगर निगम के टैंकर से आग पर काबू पा लिया गया।

# पान की दुकान पर पानी मांगकर युवक ने खाई सल्फास की गोलियां

इन्दौर। कोठारी मार्केट में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने सार्वजनिक रूप से जहर खाकर जान देने की कोशिश की। युवक ने एक पान की दुकान पर पहुँचकर पहले दुकानदार से पीने के लिए पानी मांगा और फिर जेब से सल्फास की गोलियां निकालकर निगल लीं। दुकानदार की सतर्कता के चलते उसे तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बताते है कि मुकेश पिता रामसिंह मीणा (36) कल कोठारी मार्केट स्थित जीतू नामक व्यक्ति की पान की दुकान पर पहुँचा। मुकेश ने उससे पानी मांगा, जैसे ही उसने पानी दिया, मुकेश ने सल्फास की गोलियां खा लीं। युवक को जहर खाते देख दुकानदार और आसपास के लोग दंग रह गए। दुकानदार जीतू ने मानवता का परिचय देते हुए समय बर्बाद किए बिना मुकेश को तत्काल अस्पताल पहुँचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच शुरू की। मुकेश ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# केयरटेकर ही निकली चोर, अलमारी से साफ कर दिए लाखों के सोने के जेवर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक केयरटेकर युवती द्वारा विश्वासघात कर चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। नंदा नगर में रहने वाले एक परिवार ने जिस महिला पर घर की जिम्मेदारी और देखभाल का भरोसा जताया था, वही महिला अलमारी में रखे सोने के कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, नंदा नगर निवासी दीपक पंचोली पिता महेन्द्र कुमार पंचोली ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके घर में ममता निवासी भागीरथपुरा केयरटेकर के रूप में कार्य करती थी। दीपक ने पुलिस को बताया कि आरोपी महिला ने घर में उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर अलमारी में रखे पुराने इस्तेमाली सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान में सोने की एक चैन, सोने का एक माँग टीका, कानों की सोने की लटकन की एक जोड़ी, सोने के मंगलसूत्र के दो पेंडल और सोने के छह मोती शामिल हैं। काफी समय बाद जब परिवार ने अलमारी चेक की, तो जेवरात गायब पाकर उनके होश उड़ गए। संदेह के आधार पर जब ममता से पूछताछ की कोशिश की गई, तो मामला साफ हो गया। परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी ममता के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# मुख्य मार्ग ही नहीं गली मोहल्लों और बैकलेन में हो सफाई- रहवासी संघ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रहवासियों ने सफाई व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मुख्य सड़कों पर नियमित सफाई जरूर होती है, लेकिन वार्डों की तंग गलियों, मोहल्लों और बैक लेन में कचरे के ढेर लंबे समय तक जमा रहते हैं। कुछ समय तक एनजीओ के माध्यम से सफाई अभियान चलाया जाता है, लेकिन बाद में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। निगम पर गंदगी फैलाने वालों की निगरानी और प्रभावी मॉनिटरिंग में नाकाम रहने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। तंग गलियों में नियमित सफाई की मांग- वार्ड 37 और महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के सचिव ब्रजेश पचौरी का कहना है कि इंदौर देश का स्वच्छता में नंबर वन शहर है और यहां सुबह लोगों के जागने से पहले मुख्य मार्ग साफ हो जाते हैं। लेकिन पिछले आठ वर्षों से रहवासी इलाकों की संकरी गलियों और बैक लेन में कचरा जमा होने की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि वार्डों के बीच प्रतियोगिता हो रही है तो हर वार्ड में कचरा निपटान और नियमित सफाई की सुदृढ़ व्यवस्था होनी चाहिए।

**सड़क किनारे कचरा प्रबंधन पर जागरूकता जरूरी-** खजराना क्षेत्र के सुनील पाटीदार का कहना है कि प्रतियोगिता के दौरान एक महीने तक सफाई पर जोर रहता है, लेकिन बाद में पुरानी लापरवाही लौट आती है। कई बार निगम बैक लेन साफ कराता है, लेकिन कुछ रहवासी दोबारा वहां कचरा डाल देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सख्त मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाए और जो वार्ड पहले इसे प्रभावी रूप से लागू करे, उसे सम्मानित किया जाए।

**यहां सफाई व्यवस्था कमजोर-**खजराना, चंदन नगर, जूनी इंदौर, रावजी बाजार, काजी की चॉल, निरंजपुर बस्ती, परदेशीपुरा, कुलकर्णी भट्टा, मालवा मिल, बाणगंगा, बांगड़दा, कबूतर खाना, बम्बई बाजार, मच्छी बाजार रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, रिंग रोड और लसूड़िया जैसे कई क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार इन इलाकों में न तो नियमित निगरानी होती है और न ही स्थायी समाधान लागू किए जाते हैं।

**भागीरथपुरा घटना के बाद उठे सवाल-**भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई घटना के बाद सोशल मीडिया पर गली-मोहल्लों और बैक लेन में जमा कचरे के वीडियो वायरल हुए। इसके बाद प्रतियोगिता के प्रारूप में बदलाव की मांग तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि महापौर पुष्पमित्र भार्गव को आवश्यकता अनुसार प्रतियोगिता का नया प्रारूप तैयार करवाना चाहिए, तभी इसका उद्देश्य सफल होगा। चिकित्सक डॉ. धीरज शर्मा का कहना है कि मुख्य सड़कों के बाद कॉलोनियों और बैक लेन की सफाई के लिए ठोस सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए। उनके अनुसार प्रतियोगिता केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और इसे नियमित व स्थायी कार्ययोजना से जोड़ना जरूरी है।

**आरोप-प्रत्यारोप-** नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि प्रतियोगिता के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन वार्डों की वास्तविक सफाई व्यवस्था में बदलाव नजर नहीं आता। वहीं नगर निगम स्वास्थ्य समिति प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने कहा कि स्वच्छता वार्ड प्रतियोगिता के तहत जागरूकता बढ़ाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उनके अनुसार निगम नियमित रूप से सफाई कार्य कर रहा है और विपक्ष के आरोप निराधार हैं।

# दो साल में छह आईसीसी ट्रॉफी, बीसीसीआई ने खिलाड़ियों पर लुटाए इतने करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया के लिए अपनी तिजोरी खोली हुई है। दरअसल, इसके बाद भारत ने 1-2 नहीं बल्कि 6 आईसीसी टूर्नामेंट में चैंपियन बन चुका है। आईए जानते हैं टोटल प्राइज मनी- 2024 टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद मानों भारत के लिए आईसीसी ट्रॉफी का दरवाजा खुल गया होगा। अंडर-19 में तो भारत अपनी बादशाहत बनाए हुआ था, मगर सीनियर लेवल पर टीम इंडिया ने इससे पहले आखिरी ट्रॉफी 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीती थी। मगर जैसे ही रोहित शर्मा की अगुवाई ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया, तो इसके बाद टीम इंडिया ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। टीम इंडिया पिछले 2 साल में 2-4 नहीं बल्कि पूरी 6 आईसीसी ट्रॉफी जीती है। इसमें मेंस, वुमेंस और अंडर-19 क्रिकेट शामिल है। टीम इंडिया की हर जीत पर बीसीसीआई ने खूब पैसा लुटाया। आईए जानते हैं बीसीसीआई पिछले 2 सालों में टीम इंडिया को कितनी प्राइज मनी दे चुकी है।

### 2024 टी20 वर्ल्ड कप- 125 करोड़

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने 2024 में जब टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता था, तो बीसीसीआई ने 125 करोड़ रुपए की प्राइज मनी का ऐलान किया था। यह भारतयी क्रिकेट के लिए बेहद खास पल था, क्योंकि 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी देश आ रही थी। भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल में हराकर यह खिताब अपने नाम किया था।

### 2025 चैंपियंस ट्रॉफी- 58 करोड़

रोहित शर्मा की कप्तानी में ही भारत ने अगले साल यानी 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। यह वर्ल्ड कप नहीं था, जिस वजह से बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए 58 करोड़ रुपए की प्राइज मनी का ऐलान किया था।

### 2026 टी20 वर्ल्ड कप- 131 करोड़

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने बैक टू बैक दूसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप और कुल 3 बार यह खिताब जीतने वाला पहला देश बना है। टीम इंडिया की इस उपलब्धि पर बीसीसीआई ने 131 करोड़ रुपए की प्राइज मनी का ऐलान किया।

### 2025 वुमेंस वर्ल्ड कप- 51 करोड़

मेंस ही नहीं, बल्कि भारत ने वुमेंस क्रिकेट में भी तिरंगा लगाया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने पहली बार वुमेंस वर्ल्ड कप का खिताब जीता। भारत के लिए यह ऐतिहासिक पल था। बीसीसीआई ने इस मौके पर 51 करोड़ रुपए की प्राइज मनी दी।

### अंडर-19 मेंस और वुमेंस वर्ल्ड कप- 12.5 करोड़

बीसीसीआई ने 2025 में अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली महिला टीम को 5 करोड़ तो, 2026 में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली पुरुष टीम को 7.5 करोड़ रुपए का ईनाम दिया था।

इन सभी 6 आईसीसी ट्रॉफी जीतने पर बीसीसीआई ने अपनी तिजोरी से कुल 377.5 करोड़ रुपए निकाले, जो भविष्य में और ट्रॉफी जीतने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा।

## राज्य स्तरीय वालीबॉल स्पर्धा 22 मार्च को

### किला मैदान पर जुटेंगे दिग्गज खिलाड़ी

**इंदौर।** खेलों की नगरी इंदौर में एक बार फिर वालीबॉल का रोमांच देखने को मिलेगा। सीटीसी वालीबॉल क्लब के तत्वावधान में रविवार 22 मार्च को एक दिवसीय राज्य स्तरीय वालीबॉल स्पर्धा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता किला मैदान रोड स्थित क्लब ग्राउंड पर आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश की नामी टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

स्पर्धा सचिव नरेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में इंदौर और भोपाल के साथ-साथ देवास, धार, झाबुआ, उज्जैन और पालिया की टीमें शिरकत करेंगी। इसके अतिरिक्त ब्रदर्स क्लब और एमटीएच जैसी प्रतिष्ठित टीमें भी खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। खेल प्रेमियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा जहां उन्हें उच्च स्तरीय वालीबॉल मुकाबले देखने को मिलेंगे।

प्रतियोगिता के स्वरूप के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पूरी स्पर्धा डायरेक्ट फिक्स पद्धति के आधार पर खेली जाएगी। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आयोजकों द्वारा विशेष पुरस्कारों की घोषणा की गई है। स्पर्धा की विजेता और उपविजेता टीम को आकर्षक नकद राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, तीसरे स्थान के लिए होने वाले मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली हार्डलाइन टीम को भी तृतीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

## अकादमी का ग्रीष्मकालीन शिविर प्रारंभ



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एलेट स्पोर्ट्स अकादमी के सानिध्य एवं एमडी टाइगर क्लब के तत्वावधान में एवं अमय लश्करी के निर्देशन में राष्ट्रीय अवॉर्डी एवं वाल्मीकि रत्न अवॉर्डी माही धर्मेंद्र धारू ने प्राचार्य राजेंद्र पाटिल के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग एवं खेल युवा कल्याण विभाग में सम्मिलित खेल कराते, फेंसिंग, कोशिकी मार्शल आर्ट का त्रैमासिक ग्रीष्म कालीन शिविर महू स्थित स्कूल में प्रारंभ हो चुका है, जिसमें 50 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेकर वरुण राठौर, रोहित कौशल और गार्गी भार्गव से सीखेंगे।

## एलपीजी के परिवहन भंडारण और वितरण पर फोकस





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरूवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कमिश्नर-कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ पश्चिम-मध्य एशिया में युद्ध के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के दृष्टिगत एलपीजी सहित अन्य ईंधन की उपलब्धता की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। प्रदेश में घरेलू रसोई गैस सहित पीएनजी और सीएनजी की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाना और एसीएस शिवशेखर शुक्ला, रश्मि अरूण शमी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वीसी में इंदौर से संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इंदौर जिले में ईंधन की उपलब्धता को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपायों की जानकारी दी।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किश्त आज होगी जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त का वितरण आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जायेगा। सम्मान निधि योजना से इंदौर जिले के 680 ग्रामों के 74 हजार 140 हितग्राही किसान लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर इंदौर में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक-110 में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देशभर के किसानों को 22वीं किश्त का वर्चुअली कार्यक्रम के माध्यम से वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण असम के गुवाहाटी से होगा।

## बीएसएनएल के बकाया जमा करने पर मिलेगी 50 प्रतिशत तक की छूट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार क़ल शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा।

## निर्माण कार्य की सूचना देना अनिवार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रम विभाग द्वारा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाने और श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के लिए श्रम सेवा पोर्टल मोबाइल ऐप पर निर्माण स्थल का पंजीयन विवरण, कर्मचारियों की संख्या, लोकेशन सहित अन्य आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है, जिस पर नियोजक श्रमिकों के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी दे सकते है।

## मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए ई-टेंडर जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सहायक आयुक्त आबकारी जिला इंदौर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन के संबंध में सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में शामिल 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 20 मदिरा समूहों की 54 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का तृतीय चरण में ई-टेंडर (ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा।

## 30 मार्च तक चलेगा विशेष राजस्व अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार सुशासन की दिशा में अभिनव पहल करते हुए नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में विशेष राजस्व अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आज 13 मार्च से प्रारंभ होकर 30 मार्च तक जिले भर में संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से राजस्व से जुड़े लंबित मामलों का निराकरण कर आम नागरिकों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए कंट्रोल रूम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एलपीजी सिलेंडरों की सुचारू उपलब्धता और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर से जुड़ी किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे।

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में घरेलू सिलेंडरों की सहज उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 0731-2993900 जारी किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि इंदौर जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने तथा घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए यह व्यवस्था की गई है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **जया वैभव मूंगड़** था। अब परिवर्तित कर **जया मूंगड़** हो गया है, भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**जया मूंगड़**
**गुमाश्ता नगर इन्दौर (म.प्र.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ शपथगृहिता के पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम **संदीप कुमार राठौर (Sandeep Kumar Rathore)** दर्ज है, तथा मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं समस्त सरकारी दस्तावेजों में मेरा नाम **संदीप राठौर (Sandeep Rathore)** अंकित है जो कि सही एवं सत्य है, तथा दोनों नाम का मैं स्वयं एक ही व्यक्ति हूं। अतः भविष्य में मुझे **संदीप राठौर (Sandeep Rathore)** के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**संदीप राठौर**
**निवासी-7/5 हुकुमचंद कालोनी पंचकुइया राम मंदिर के पास, इन्दौर (म.प्र.)**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सुधा पति श्री अशोक बंसल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1004533273 पता 345 श्रीनाथ विहार भिचौली मर्दाना इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# भारत के डीएनए में ट्रॉफियां जीतना है, और हमारे डीएनए में हारना : लतीफ

**कराची।** राशिद लतीफ ने बड़े टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान की अलग-अलग सोच के बारे में खुलकर बात की, और बताया कि कैसे ये दोनों टीमें ज्यादा दबाव वाले मैचों को अलग-अलग नजरिए से देखती हैं।

बैक टू बैक टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर ना सिर्फ टीम इंडिया ने इतिहास रचा है, बल्कि इस फॉर्मेट में दुनियाभर में अपनी धाक जमाई है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने रिटायरमेंट लिया, जिसके बाद सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर ने मिलकर एक नई टीम बनाई। इस टीम ने नए अंदाज में क्रिकेट खेली और वर्ल्ड क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाया। भारतीय क्रिकेट जहां लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं पाकिस्तान की क्रिकेट लगातार नीचे गिर रही है। ऐसे में उनके ही पूर्व खिलाड़ी ने अपनी टीम पर तंज कसा है।



भारत ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और अब 2026 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। इस बीच टीम इंडिया एशिया कप चैंपियन भी बनी।

वहीं पाकिस्तान आखिरी बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में 2022 में पहुंचा था। इसके बाद 2023 वनडे वर्ल्ड कप, 2024 टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वह जल्दी बाहर हो गए। वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उनका सफर सुपर-8 से आगे नहीं बढ़ पाया।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने हाल के टूर्नामेंटों में भारत की निरंतरता और दबदबे की तारीफ की, और इस बात पर जोर दिया कि मुश्किलों के बावजूद भी वे बड़े स्कोर बनाने की काबिलियत रखते हैं। उन्होंने उनकी सफलता का श्रेय एक दशक की कड़ी मेहनत और तैयारी को दिया, और हाल के आईसीसी इवेंट्स और एशिया कप में उनके प्रदर्शन को उनकी ताकत का सबूत बताया।

राशिद लतीफ ने पत्रकारों से कहा, टॉस हारने के बाद भी उन्होंने 250 रन बनाए। कोई भी उनका मुकाबला नहीं कर पाएगा। उन्होंने यह सब रातों-रात नहीं किया है, यह पिछले लगभग 10 सालों की उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। पिछले आईसीसी इवेंट्स या एशिया कप को ही देख लीजिए। लतीफ ने बड़े टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान की अलग-अलग सोच के बारे में खुलकर बात की, और बताया कि कैसे ये दोनों टीमें ज्यादा दबाव वाले मैचों को अलग-अलग नजरिए से देखती हैं।

उन्होंने कहा, भारत के डीएनए में ट्रॉफियां जीतना है, और हमारे डीएनए में नॉकआउट से पहले ही हार जाना है। उनके डीएनए में फाइनल खेलना और जीतना शामिल है।

# द हंड्रेड में सनराइजर्स लीड्स द्वारा इस पाक खिलाड़ी को खरीदा, मचा बवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद की सिस्टर फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को द हंड्रेड के पहले ऑक्शन में पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को साइन किया। इसके साथ ही, उन्होंने हाल ही में भारतीय टीम मालिकों के उस नियम को तोड़ दिया, जिसमें वे दुनिया भर की सबसे बड़ी टी-20 लीग में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी को साइन करने से मना कर देते थे। अबरार अहमद का नाम टियर 2 स्पिनर्स सेट के आखिर में ऑक्शन में आया था।

सनराइजर्स लीड्स ने ट्रेंट रॉकेट्स के साथ लंबी बोली लगाई और लगभग 2.34 करोड़ की बोली लगाकर जीत हासिल की। 27 साल के अबरार अहमद एक लेग-स्पिनर हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के लिए 46 टेस्ट, 28 वनडे और 52 टी-20आई विकेट हासिल किए हैं। अबरार अहमद हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। सनराइजर्स लीड्स के अबरार अहमद को खरीदने के फैसले से भारत में कई लोग नाखुश हैं।

आईपीएल में पाकिस्तानी क्रिकेटरों के बैन होने के बाद शायद यह पहली बार है कि भारत से जुड़ी किसी फ्रेंचाइजी ने किसी पाकिस्तानी क्रिकेटर



को साइन किया है। यह पहली बार होगा जब अबरार अहमद यूरोप में किसी ऊ20 लीग में खेलेंगे, उन्होंने अब तक सिर्फ पाकिस्तान सुपर लीग, बांग्लादेश प्रीमियर लीग और मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में ही हिस्सा लिया है। हालांकि, उनका हिस्सा लेना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगा।

सनराइजर्स लीड्स पूरी तरह से भारतीय मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के मालिकाना हक में है, जिसे कलानिधि मारन और उनकी बेटी, सीईओ काव्या मारन लीड करते हैं। इस फ्रेंचाइजी को पहले नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स कहा जाता था और इस साल भारतीय कंपनी ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। द हंड्रेड में भारतीय कंपनियों के फ्रेंचाइजी लेने से अफवाहें उड़ीं कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नीलामी में नहीं चुना जाएगा, ठीक वैसे ही जैसे एसए20, साउथ अफ्रीकन टी-20 कॉम्पिटिशन और आईपीएल में होता है, जहां सभी मालिकों के पास पहले से ही खेल की सबसे कीमती टीमें हैं।

# फार्म में वापसी के लिए युवराज की शरण में पहुंचे ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2026) के आगामी सीजन में उतरने से पहले भारत के कीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत जमकर पसीना बहा रहे हैं। पिछले सीजन में फ्लॉप होने वाले इस सुपरस्टार ने जोरदार वापसी के लिए कमर कस ली है। इसके लिए वह भारतीय टी20 टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा के गुरु और महान क्रिकेटर युवराज सिंह के शरण में पहुंच गए हैं। उन्होंने युवराज की देखरेख में जमकर पसीना बहाया है। वह उनके सामने चौके-छक्के लगाते हुए नजर आए।

युवराज ने पिछले हफ्ते मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) में 2011 वर्ल्ड कप हीरो युवराज सिंह की देखरेख में कुछ ट्रेनिंग सेशन किए। आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स की कप्तानी करने वाले पंत पिछले साल साधारण प्रदर्शन के बाद आलोचनाओं का शिकार बने थे। 27 करोड़ रुपये में खरीदे गए इस स्टार ने फैंस को निराश किया था। वह फॉर्म वापस पाने और अपने व्हाइट-बॉल करियर को फिर से शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 14 मैचों में 269 रन बनाए थे। इसमें उनका हाईएस्ट स्कोर नाबाद 118 और स्ट्राइक रेट 133.16 था।

## मुंबई में जमकर बहाया पसीना

2016 में अपने डेब्यू सीजन के बाद से आईपीएल में उनका वह सबसे खराब प्रदर्शन था। अपने कप्तान के खराब फॉर्म के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। चेन्नई में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कैंप के लिए जाने से पहले उन्होंने मुंबई के सीसीआई में युवराज के साथ तीन से चार दिनों तक कुछ ट्रेनिंग सेशन किए। पंत के ट्रेनिंग सेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी



वायरल हुआ। उसमें उन्हें गेंदों का सामना करते हुए देखा गया। वहीं, युवराज अंपायर की भूमिका में नजर रख रहे थे।

## टी20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं थे पंत

पंत भारत की हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं थे और केएल राहुल के बाद वनडे में दूसरी पसंद के कीपर-बल्लेबाज हैं। युवराज हाल के सालों में कई युवा खिलाड़ियों को मेंटर और ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसमें भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और पंजाब किंग्स के ओपनर प्रभसिमरन सिंह शामिल हैं। युवराज ने पहले भारत के टी20 वर्ल्ड कप हीरो संजू सैमसन को भी ट्रेनिंग दी थी।

## कपिल बने मध्यप्रदेश स्कूल टीम के मुख्य कोच

**इंदौर।** स्कूल्स गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत छिंदवाडा में आयोजित स्टेट लेवल क्रिकेट स्पर्धा में मध्यप्रदेश के 10 संभागों के हिस्सा लिया था यह प्रतियोगिता के फायनल मैच में इंदौर संभाग का मुकाबला जबलपुर संभाग से खेला गया जिसमें इंदौर संभाग में विजेता होने का गौरव हासिल किया । इंदौर संभाग के कोच कपिल शेंडगे ने मुख्य कोच के रूप में इंदौर संभाग की टीम का नेतृत्व किया । इस प्रतियोगिता मे सफल प्रदर्शन करने के फलस्वरूप ही नेशनल क्रिकेट स्पर्धा हेतु मध्यप्रदेश स्कूल टीम का चयन हुआ चयनकर्ताओं द्वारा नेशनल स्कूल स्पर्धा हेतु कपिल शेंडगे को मध्यप्रदेश स्कूल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया । यह स्पर्धा तेलंगाना में 26 अप्रैल से 1 मई तक खेली जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रैक्टिस कैम्प छिंदवाडा में 19 से 23 अप्रैल तक आयोजित किया गया है । कपिल शेंडगे की इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा विभाग के हेमंत वर्मा, संजय वर्मा एवं अजय दुबे, सुधीर रसाल द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।



# अब आईपीएल टीमें ऐसी पिचों पर अभ्यास नहीं कर सकेगी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होना है। बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों के लिए प्रैक्टिस सेशन की गाइडलाइंस जारी की है। टीमें अब एक नेट्स में ट्रेनिंग नहीं कर सकेंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) में अभ्यास सत्र के लिए नए दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकती जिसका इस्तेमाल दूसरी टीम ने अपने नेट सत्र के दौरान किया हो। बीसीसीआई की ओर से फ्रेंचाइजी के साथ साझा की गई प्रैक्टिस-सेशन गाइडलाइंस के अनुसार, अगर एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो नए नेट तैयार करने होंगे।

पांच पेज की गाइडलाइंस में कहा गया है, हर टीम को उनके तय प्रैक्टिस सेशन के लिए नए नेट दिए जाने चाहिए। अगर एक साथ प्रैक्टिस सेशन होते हैं या जब एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो पहली टीम को दूसरी टीम के नेट (थ्रो डाउन के लिए भी) इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। अगर एक टीम प्रैक्टिस जल्दी खत्म कर लेती है, तो दूसरी टीम को उनके रेंज-हिटिंग विकेट इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई टीम लाइट में अभ्यास मैच खेलना चाहती है, तो मैच साढ़े तीन घंटे से अधिक नहीं चलना चाहिए।

# किसी भी टीम में रख दो चैंपियन बना देंगे- वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर स्टार जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाजों को देखा है, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। वॉन ने बुमराह की तुलना महान फुटबॉलरों लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो से की है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टी20 वर्ल्ड कप के सुपर स्टार जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाजों को देखा है, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। उन्हें वर्ल्ड कप की किसी भी टीम में रख दीजिए, वह उसे अकेले चैंपियन बना सकते हैं। वॉन ने बुमराह की तुलना महान फुटबॉलरों लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो से की है।

जसप्रीत बुमराह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ कभी न भूला पाने वाला प्रदर्शन किया। वह टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट में 4 विकेट हॉल लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में अब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बन गए हैं और वो भी सिर्फ 5.66 की इकॉनमी रेट के साथ। फाइनल के वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे, लेकिन सेमीफाइनल में भी उन्होंने कसी गेंदबाजी की। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में बुमराह के आखिरी दो ओवर निर्णायक साबित हुए थे। स्टिक टु क्रिकेट पर माइकल वॉन ने स्वीकार किया कि उन्होंने अब तक जितने भी गेंदबाज देखे हैं, उनमें बुमराह बेस्ट हैं। वॉन ने कहा, जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड की टीम में रख दीजिए, वह इसे जिता देंगे।

# पुरानी रंजिश में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## नाबालिग को भगाने की रंजिश में आरोपी ने बीच सड़क पर किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**क्षिप्रा थाना क्षेत्र के रामदेव नगर मांगलिया में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी ने मृतक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के अनुसार, हत्या की मुख्य वजह दोनों परिवारों के बीच चल रही पुरानी दुश्मनी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना रेलवे लाइन के पास रामदेव नगर की है। फरियादी राधा बाई ने पुलिस को बताया कि आरोपी विशाल पिता चंद्रभान जाटव ने उनके बेटे विशाल अहीरवार मूल निवासी जिला अशोक नगर पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने पहले विशाल की जांघ पर चाकू मारा। घायल होने के बाद जब विशाल अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागा, तो आरोपी विशाल जाटव चाकू लेकर उसके पीछे दौड़ पड़ा। कुछ दूर जाकर घायल विशाल अहीरवार सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ कई वार किए। पीठ और पैरों पर तीन-चार जगह गहरे घाव होने के कारण अत्यधिक खून बह गया और विशाल अहीरवार की मौके पर ही मौत हो गई।बताया जा रहा है कि इस खूनी संघर्ष की जड़ें कुछ समय पुरानी हैं। दरअसल, मृतक विशाल अहीरवार कुछ समय पहले आरोपी के परिवार की एक नाबालिग बेटी को अपने साथ भगाकर ले गया था। उस समय दोनों ही नाबालिग थे और इस मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई भी की थी। विशाल हाल ही में जमानत पर छूटकर बाहर आया था, लेकिन इसी घटना को लेकर आरोपी का परिवार उससे रंजिश रखे हुए था। पुलिस का कहना है कि इसी पुरानी दुश्मनी के चलते दोनों पक्षों में पहले भी कई बार विवाद हो चुके थे। कल जैसे ही आरोपी विशाल जाटव को मौका मिला, उसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए विशाल अहीरवार पर हमला कर उसकी जान ले ली। क्षिप्रा थाना पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## नकदी और जरूरी दस्तावेज ले उड़ा चोर, परिचित पर ही चोरी का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर में चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहाँ एक शख्स ने अपने ही परिचित पर घर में घुसकर नकदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, गौरी नगर निवासी धर्मदास पिता लछुआ रैकवार ने थाने पहुँचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। धर्मदास ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी मनोज पिता भरतलाल जाट ने उनके घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फरियादी के मुताबिक, जब उन्होंने अपने घर की तलाशी ली, तो किचन में रखे डिब्बे से 16,000 रुपये नकद गायब मिले। इतना ही नहीं, हैंगर पर टंगे उनके पेंट की जेब में रखा पर्स भी चोरी हो गया था। चोरी गए पर्स में 4,000 रुपये नकद के साथ-साथ आधार कार्ड, श्रम कार्ड, एसबीआई का एटीएम कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। आरोपी मनोज ने घर में घुसकर कुल 20,000 रुपये नकद और कीमती कागजात पार कर दिए। हीरानगर पुलिस ने फरियादी के बयानों के आधार पर आरोपी मनोज जाट के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# ब्राउन शुगर के साथ महिला-पुरुष गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के अभियान के तहत आजाद नगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की विशेष टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों के दौरान मूसाखेड़ी क्षेत्र से एक महिला और एक पुरुष को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुमित केरकेट्टा और सहायक पुलिस आयुक्त रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदोरिया के नेतृत्व में अंजाम दी गई।

आजाद नगर पुलिस की टीमें क्षेत्र में भ्रमण और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थीं, इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी





कर दो आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस टीम ने पहली आरोपी नेहा निवासी मूसाखेड़ी के कब्जे से 11.4 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। वहीं दूसरी टीम ने संदीप निवासी मूसाखेड़ी को पकड़कर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से कुल 21.4 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध आजाद नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे इस मादक पदार्थ के स्रोत तथा सप्लाई चैन के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लाए थे और शहर के किन क्षेत्रों में इसकी डिलीवरी दी जानी थी।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

### *आरोपी फरार, फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी*

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लसूडिया थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने अजय पाटिल के खिलाफ दुष्कर्म का केश दर्ज किया है। आरोपी फिलहाल फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि अजय पाटिल को करीब 5 साल से वह जानती है, दोनों एक ही क्षेत्र में रहते है और दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। युवती ने बताया कि करीब सवा साल पहले अजय उसे एक होटल लेकर गया था जहां शादी का झांसा देकर गलत काम किया। इसके बाद वह शादी की बात पर टालने लगा, 3 माह पूर्व भी होटल लेकर गया था जिसके बाद से पीडिता से बातचीत बंद कर दी और मंदिर बुलाकर शादी करने से इंकार कर दिया। आरोपी ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। पीडिता ने पूरे मामले की जानकारी अपनी मां को बताई जिसके बाद लसूडिया थाना पहुंचकर शिकायत की।



# तालाब पर मछली पकड़ने की बात पर विवाद, युवक को डंडे से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिरपुर तालाब पर मछली पकड़ने जैसी छोटी सी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक लहूलुहान हो गया। आरोपी ने पास पड़े डंडे से युवक पर जानलेवा हमला कर उसे सिर में गंभीर चोट पहुँचाई और भविष्य में दोबारा वहाँ दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक, चंदूवाला रोड निवासी सलमान पिता मंजुर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती शाम करीब 6:30 बजे वह सिरपुर तालाब पर मछली पकड़ने गया था। वहीं पर क्षेत्र का ही इम्मू पिता पीर मोहम्मद भी मछली पकड़ रहा था। सलमान जब इम्मू के पास जाकर मछली पकड़ने लगा, तो इम्मू अचानक भड़क गया और उसे गालियाँ देने लगा। जब सलमान ने गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी इम्मू ने पास ही पड़ा डंडा उठाया और सलमान पर हमला कर दिया। इस हमले में सलमान के सिर पर गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। इसके अलावा उसके कमर और पैरों में भी चोटें आई हैं। मारपीट के बाद आरोपी ने सलमान को धमकाते हुए कहा कि आइंदा अगर मेरे पास आकर मछली पकड़ी, तो तुझे जान से खत्म कर दूँगा।चंदन नगर पुलिस ने आरोपी इम्मू के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मुर्गी फार्म हाउस से मुर्गियां चोरी करते रंगेहाथ पकड़ाया आरोपी, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हातोद थाना क्षेत्र में चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। यहाँ एक शख्स को मुर्गी फार्म हाउस से मुर्गियां चुराकर भागते समय मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना सगवाल फाटा पालिया रोड स्थित सतीश सेठ के मुर्गी फार्म हाउस की है। नई कॉलोनी हातोद निवासी सोना बाई ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी जितेन्द्र पिता निर्भय सिंह फार्म हाउस में घुसकर वहां से मुर्गियां चोरी कर रहा था। आरोपी ने फार्म हाउस से कुल 20 मुर्गियां चुरा ली थीं और उन्हें लेकर भागने की फिराक में था, तभी उसे रंगेहाथ पकड़ लिया गया। चोरी गई मुर्गियों की कीमत हजारों में बताई जा रही है। हातोद पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र के खिलाफ चोरी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुकान गिरवी रखकर 6 लाख मांगे, उठाकर ले गए सामान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पलासिया थाना क्षेत्र में दुकान गिरवी रखने के बाद अधिक राशि की मांग कर दुकान का सामान ले जाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नूरजहां लेडीज टेलर, बड़ी ग्वाल टोली निवासी फरियादी की शिकायत पर राहुल मांडले निवासी रविदासपुरा, छत्रीपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी दुकान 11 माह के लिए आरोपी के पास गिरवी रखी थी और इसके बदले 2.5 लाख रुपए पर 4 प्रतिशत ब्याज तय हुआ था, जिसका वह नियमित रूप से हर माह 10 हजार रुपए ब्याज देता रहा। चार माह बाद जब वह 2.5 लाख रुपए लौटाने पहुंचा तो आरोपी ने 6 लाख रुपए की मांग कर दी। राशि देने से मना करने पर गुरुवार 12 अगस्त को आरोपी दुकान से तीन सिलाई मशीन, कैश काउंटर, शादी के लहंगे, सलवार सूट, 1300 रुपए नकद, पोर्टेबल टीवी सहित करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान ले गया। मामले में पलासिया पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।